■ वर्ष 31 अंक 234
■ जबलपुर रविवार 15 फरवरी 2026
www.swatantramat.com




# स्वतंत्र मत

■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी



## बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 प्रतिशत टैरिफ बनाम 0 प्रतिशत समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इसपर भ्रम फैला रहे हैं, और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। पोस्ट में राहुल ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 प्रतिशत टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है- शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया- अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।

### तबाह हो जाएगा टेक्सटाइल उद्योग

आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई? और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है- या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल? पोस्ट में राहुल बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। और, अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

### वीडियो पोस्ट यह भी कहा

भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स- दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती। लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।

# ब्रह्मपुत्र के नीचे 'टनल' बनेगी

## भारत की पहली अंडरवॉटर रोड-कम-रेल टनल परियोजना को मंजूरी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट मीटिंग में असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली रोड-कम-रेल टनल समेत फोर लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। इसकी कुल लागत 18,662 करोड़ रुपये होगी। यह भारत की पहली और दुनिया की दूसरी अंडरवॉटर रोड-कम-रेल टनल परियोजना होगी, जिसमें एक ही सुरंग में रोड और रेल लाइन होगी। ट्रेन और गाड़ियां एक साथ चलेंगी। इसे इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत गोहपुर (एनएच-15) से नुमालीगढ़ (एनएच-715) के बीच 15.79 किमी लंबी टनल बनाई जाएगी। अभी नुमालीगढ़ और गोहपुर के बीच करीब 240 किमी की दूरी तय करने में 6 घंटे का समय लगता है। इस प्रोजेक्ट के बाद यह घटकर 20 मिनट रह जाएगा। कैबिनेट के फैसलों में शहरों के लिए नए प्रोजेक्ट्स, स्टार्टअप्स के लिए नया फंड और नोएडा मेंट्रो एक्सटेंशन समते कई बड़े फैसले शामिल हैं। इसके आलवा, महाराष्ट्र, गुजरात और असम के लिए भी कुछ खास ऐलान किया गया है। सरकार की ओर से 1 लाख करोड़ का फंड मंजूर किया गया है, जिसका मतलब शहरों को आधुनिक और बेहतर बनाना है। इसके तहत प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करना, स्मार्ट सिटी, ट्रांसपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना और मार्केट-ड्रिवन शहरी विकास को बढ़ाना है। इस फंड की मंजूरी से शहरों में बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाएं शुरू होंगी।



### अपग्रेड होंगे कई नेशनल हाईवे

इसके साथ ही महाराष्ट्र में एनएच-160ए अपग्रेड किया जाएगा। गुजरात में एनएच-56 अपग्रेड के तहत धमासिया-बिटाडा और नसारपोर-मलोथा सेक्शन को फोर-लेन बनाया जाएगा, जिसके लिए 4,583 करोड़ रुपये लागत की आवश्यकता होगी। तेलंगाना में एनएच-167 को भी चौड़ा किया जाएगा, जिसके तहत हैदराबाद-पनाजी इकोनॉमिक कॉरिडोर पर 80 किमी सड़क को 4-लेन बदला जाएगा। इससे ट्रेड और माल ढुलाई में आसानी होगी।

### स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़

स्टार्टअप्स इंडिया के लिए सरकार ने नए फंड को लॉन्च कर दिया है, जिसके तहत कुल कॉपर्स 10 हजार करोड़ रुपये रखा गया है। डीप टेक, एआई, टेक-ड्रिवन मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप्स के लिए सपोर्ट दिया जाएगा। सरकार का फोकस वेंचर कैपिटल निवेश को बढाना है। इसका मतलब है कि नई टेक कंपनियों को फंडिंग के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नोएडा में सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी लंबी मेट्रो लाइन की मंजूरी दे दी गई है, जिसके तहत 8 मेट्रो स्टेशन होंगे। इससे कैनेक्टिविटी बढ़ेगी और ट्रैफिक कम होगा।

### रेलवे मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट

सरकार ने रेलवे की कनेक्टिविटी को और बेहतर करते हुए नेटवर्क में करीब 389 किमी नई लाइनें/डबलिंग करने को भी मंजूरी दे दी है। यह काम दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक के 12 जिलों में किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने रेल मंत्रालय के तीन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है, जिनकी लागत लगभग 18,509 करोड़ रुपये है। इन प्रोजेक्ट्स में कसारा-मनमाड, दिल्ली-अंबाला और बल्लारी-होसपेटे के बीच तीसरी और चौथी लाइन बनाना शामिल है।


# 6 साल में चुका सकेंगे किसान क्रेडिट कार्ड लोन

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का नया ड्राफ्ट जारी

**नई दिल्ली।** किसान क्रेडिट कार्ड का लोन 6 साल में चुकाया जा सकेगा। यही नहीं अब पशुपालन और खेती के साथ-साथ मिट्टी की जांच और मौसम के पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों के लिए भी आर्थिक मदद मिलेगी। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने केसीसी स्कीम को और अधिक लचीला और आधुनिक बनाने के लिए संशोधित गाइडलाइंस का ड्राफ्ट जारी किया है और 6 मार्च 2026 तक लोगों से फीडबैक मांगा है। नए नियम कमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, रीजनल रूरल बैंक और रूरल को-ऑपरेटिव बैंक पर लागू होंगे। इससे पहले 2019 में स्कीम को एनिमल हस्बेंड्री, डेयरी और फिशरीज के लिए एक्सपैंड किया गया था। किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम की शुरुआत किसानों को खेती के लिए समय पर और सस्ता लोन उपलब्ध कराने के लिए हुई थी। इससे किसान खेती, हार्वेस्ट के बाद के खर्च, प्रोड्यूस की मार्केटिंग, घरेलू जरूरतें, फार्म एसेट्स की मेंटेनेंस और एलाइड एक्टिविटीज के लिए क्रेडिट ले सकते हैं। स्कीम के तहत शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कल्टिवेशन जरूरतों के साथ-साथ घरेलू खर्चों के लिए भी सपोर्ट मिलता है। इससे किसान महंगे अनौपचारिक लोन पर निर्भर नहीं रहते। 2019 में इसे एनिमल हस्बेंड्री, डेयरी और फिशरीज सेक्टर के लिए भी बढ़ाया गया था।



### मनीष सिंह ने आयुक्त जनसंपर्क का कार्यभार ग्रहण किया



**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनीष सिंह ने शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे परिवहन सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

### मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा: सीजेआई

**रोहतक।** रोहतक बार एसोसिएशन में पहुंचे चीफ जस्टिस ने कहा कि मेरे अंदर का वकील आज भी जिंदा हैं, क्योंकि रोहतक मेरा प्रेरणा स्त्रोत है। लेकिन मेरे से ऐसे किसी आदेश की अपेक्षा न करें, जो मेरी न्यायिक प्रक्रिया से बाहर हो। रोहतक बार में जो समस्या हैं, उन्हें दूर करने के लिए हरियाणा सरकार से अनुरोध जरूर करूंगा। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नया कॉम्प्लेक्स तैयार हो रहा है, जिसका पहला फेज इसी साल पूरा हो जाएगा।

### खाई में गिरे 3 दोस्त, मौत

**दमोह।** दमोह जिले में सागर निवासी बाइक सवार 3 दोस्त 30 फीट गहरी खाई में गिर गए। जर्जर पुल से नीचे गिरते ही तीनों की मौके पर मौत हो गई। हादसा रात करीब 11 बजे हुआ, जब पांच युवक दो बाइकों से शादी में शामिल होने जा रहे थे। मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र का है।

### ट्रक के नीचे जा घुसी कोबरा बटालियन की कार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में भीषण सड़क हादसे में 201 कोबरा बटालियन के चार जवानों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी बाईपास के समीप हुआ।

# दुनिया का सबसे बड़ा एआई समिट कल से

**नई दिल्ली।** भारत 16 से 20 फरवरी 2026 तक एक बड़े वैश्विक सम्मेलन एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। इस समिट में 100 से ज्यादा देश हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी पॉलिसी, इनोवेशन, एथिक्स, सिक्योरिटी और वैश्विक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। खास बात यह है कि इस समिट के लिए पाकिस्तान को निमंत्रण नहीं दिया गया है, जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। भारत सरकार के मुताबिक, इस समिट का आधार तीन मुख्य सूत्र हैं- पीपुल (लोग), प्लेनेट (पृथ्वी) और प्रोग्रेस (प्रगति)। यानी एआई तकनीक का विकास ऐसा हो, जो लोगों के हित में हो, पर्यावरण के अनुकूल हो और दुनिया की प्रगति में मदद करे। सूत्रों के अनुसार, समिट में शामिल होने वाले देशों का चयन रणनीतिक और नीतिगत मानकों के आधार पर किया गया है।







# खाटू श्याम जाते समय ट्राले में जा घुसी तेज रफ्तार कार, शहर के 5 लोगों की मौत

## झपकी बनी हादसे की वजह, राजस्थान के चाकसू में हुई दर्दनाक घटना







**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकाल के दर्शन के बाद खाटू श्याम की यात्रा पर निकले जबलपुर के पांच लोगों का सफर के दौरान दर्दनाक मौत में बदल गया। मृतकों में एक महिला और चार युवक शामिल है। इस घटना की जानकारी लगते में परिवारों में शोक की लहर फैल गई। जो सूचना लगते ही घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। जानकारी के मुताबिक नक्षत्र नगर निवासी रेलवे शासकीय स्कूल की शिक्षिका 55 वर्षीय रेशमा श्रीवास्तव अपने ड्राइवर के साथ महाकाल दर्शन के लिए अपनी कार से गई हुई थी। इस यात्रा में वाहन के चालक 25 वर्षीय अनुराग रजक ने अपने साथी राहुल रजक, पीयूष राय और शानू को भी शामिल कर लिया। चारों युवक माढ़ोताल-करमेता क्षेत्र के रहने वाले थे।

**महाकाल से खाटूश्याम जाते वक्त हुआ हादसा** - बताया जा रहा है कि धार्मिक यात्रा का प्लान रेशमा श्रीवास्तव ने बनाया था। 12 फरवरी को सभी लोग कार से उज्जैन पहुंचे, जहां श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद 13 फरवरी की रात वे खाटू श्यामजी (सीकर) के लिए रवाना हुए थे। बताया गया कि पहले परिवार ने पीयूष को जाने से मना किया था। बाद में रेशमा ने उसकी मां से बात कर उसे साथ चलने के लिए राजी किया। इसी बीच जब वे खाटूशयाम के दर्शन के लिए निकले, तभी राजस्थान के चाकसू में कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे पर शनिवार तड़के उनकी कार आगे चल रहे एक ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और महिला टीचर सहित चारों युवकों की मौके पर मौत हो गई। इस मामले में चाकसू थाना पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 5.30 बजे टिगरिया मोड़ के पास हादसा हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण कार ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए। क्रेन की मदद से वाहन हटाकर ट्रैफिक बहाल किया गया। बहरहाल पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

# इबादत और रहमतों का महीना रमजान की तैयारियां तेज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पाक माह रमजान मुबारक की आमद के मद्देनज़र शहर में तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत, मौलाना, डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी ने बताया कि आगामी 18 फरवरी, मुताबिक 29 शाअबान, को रमज़ान शरीफ का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। चाँद दिखाई देते ही रोज़ों एवं तरावीह जिसमें हाफिज़ साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करते है। और यही सिलसिला एक महीने के लिए शुरू हो जाएगा। मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश और मुस्लिम इस्लाह कमेटी के वरिष्ठ समाज सेवी हाजी क़दीर सोनी, हाजी भूरे पहलवान, हाजी शेख जमील नियाज़ी, सरदार हामिद हुसैन ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर निगम से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएँ।

# मटर बेचकर कमाए रूपए ले उड़े चोर



**जबलपुर।** शहपुरा थाने में मयूर सिंह राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी कैथरा शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है। उसके पिताजी तीन भाई हैं उसके चाचा जी रामेश्वर दर्शन को गये है। दरम्यानी रात उसके भाई रोहित सिंह लगभग एक बजे खेत से आये तब उपर छत के कमरे का दरवाजे में चटकनी लगी थी एवं चाचा पूरन सिंह के कमरे में ताला डला था लगभग 9-30 बजे भाई रोहित ने देखा कि दोनों कमरे के दरवाजे खुले थे चाचा वाले कमरे का ताला टूटा था उसे रोहित ने फोन कर बुलाया उसने जाकर देखा कमरे में रखे आलमारी का ताला टूटा था। जिसमें रखे पैसे नहीं थे पैसे कितने चोरी हुये हैं चाचा के आने पर पता चलेगा, फिर बाजू वाल कमरे की आलमारी चैक की तो मटर बेचने के 63 हजार रूपये रखे थे जो भी गायब थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।



# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आज 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। ज्योतिषचार्यो के अनुसार आज महाशिवरात्रि के पर्व पर सूर्य, चंद्र, बुध, शुक्र और राहु के साथ आने से उत्तम योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग, कुंभ राशि पर पंचग्रही योग, विशिष्ट संयोग के साथ अष्ट योग भी बन रहा है।

आज रविवार के दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा और शाम 7.26 बजे तक श्रवण नक्षत्र का प्रवेश हो जाएगा। वहीं, शाम 7.26 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग का भी शुभ संयोग रहेगा, जिसे पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन बैजनाथ जयंती भी मनाई जाएगी, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। पंचांग के अनुसार आज 15 फरवरी की शाम 4.23 बजे तक त्रयोदशी तिथि रहेगी, जिसके बाद चतुर्दशी तिथि प्रारंभ होगी। महाशिवरात्रि पर चतुर्दशी तिथि का विशेष महत्व होने के कारण भक्त भगवान शिव की आराधना, व्रत और रात्रि जागरण करेंगे। इस बार दुर्लभ योग शिवभक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाले होंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और भजन-कीर्तन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

**देवालयों में सजी रौनक, शिव-पार्वती के विवाह के लिए आतुर संस्कारधानी**

### बाधाओं से मिलेगी मुक्ति

ज्योतिषचार्यो के अनुसार फाल्गुन मास कृष्णपक्ष की त्रयोदशी-चतुर्दशी के बीच महाशिवरात्रि मनाई जाती है। महादेव की तपस्या और पूजा से कठिन कार्य सरल हो जाते हैं। ग्रह आदि की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। शास्त्रों के अनुसार एक साल में 11 मास शिवरात्रि होती हैं। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की शिवरात्रि महाशिवरात्रि होती है, क्योंकि इस दिन भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती के साथ हुआ था। आज महाशिवरात्रि पर नौ साल बाद पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। विशेष संयोग है कि महाशिवरात्रि रविवार को है फिर अगले ही दिन सोमवार भी श्रद्धालुओं के लिए शुभ फलदायी रहेगा।

राजयोग में पूजा से मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा और बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, लक्ष्मी-नारायण योग में धन, समृद्धि, विलासिता और व्यापार में बड़ा लाभ, शुक्रादित्य योग में कलात्मक सफलता, सुख-सुविधाएं और सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।



# एपीएन महाविद्यालय में नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एपी नर्मदा महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और दांतों की बीमारियों का समय पर उपचार सुनिश्चित करना था। शिविर में शहर के प्रसिद्ध दंत रोग डॉ. अंशुल गुलाटी एम. डी. एस. पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट एवं डॉ. परमजीत छावड़ा एम. डी. एस. पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। चिकित्सकों ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों के दांतों की जांच की और उन्हें पायरिया, कैविटी तथा अन्य मुख रोगों से बचाव के तरीके बताए। शिविर के दौरान 250 से अधिक लोगों का नि: शुल्क परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयाँ एवं टूथपेस्ट किट वितरित किए गए। गंभीर समस्याओं से ग्रसित मरीजों को उच्च उपचार के लिए संबंधित चिकित्सालय में संपर्क करने की सलाह दी गई।

यह शिविर महाविद्यालय के डायरेक्टर चमन श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह एवं प्राचार्या डॉ. सोनल खरे एवं स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती विनाक्षी सेतिया खुराना एवं समस्त स्टाफ का सहयोग है । दंत चिकित्सकों की टीम ने बताया कि खान-पान की गलत आदतों के कारण युवाओं में दांतों की समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसके लिए नियमित जांच अनिवार्य है। महाविद्यालय के इस सेवाभावी कार्य की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

# लगन और मेहनत से हर मुकाम संभव : सांसद सुमित्रा वाल्मीक

## शहपुरा में नवनिर्मित विद्यालय के भवन और शौचालय का हुआ लोकार्पण




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के सीएसआर फंड से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में निर्मित भवन एवं शौचालय का लोकार्पण राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक एवं विधायक बरगी नीरज सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।

इस भवन के निर्माण हेतु राशि राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक शुभांग दत्त पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री नामदेव , जिला महामंत्री श्रीमती जैन एवं क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद वाल्मीक ने बताया कि वह भी इसी स्कूल से पढ़कर आगे निकली है और आज इस मुकाम तक पहुंची है। बच्चों को भी अथक लगन एवं मेहनत से और अधिक ऊंचाइयों पर जाने की बात सांसद सुमित्रा वाल्मीक द्वारा कही गई।

### शराब के लिए रूपए न देने पर डंडे से हमला

***जबलपुर।*** *बेलबाग थाने में हर्ष खनौटिया उम्र 18 वर्ष निवासी गलगला टोरिया बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नगर निगम में प्राईवेट काम करता है। वह अपने घर के नीचे गलगला टोरिया प्रताप किराना के बाजू वाली गली में खड़ा था। तभी मोन्टी उर्फ प्रिंस सोनकर आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो डंडे से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।*

# प्रबंध संचालक ने किया पावर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने रामपुर स्थित पावर मैनेजमेंट कंपनी के चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता, चीफ मेडिकल आफिसर डा. एस. के. वर्मा, अधीक्षण अभियंता सिविल मुख्यालय धर्मेन्द्र वर्मा, हॉस्पिटल के चिकित्सक व नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित था।



प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले ने चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सुविधाओं नवीनतम डिजिटल एक्स-रे मशीन, आधुनिक ईसीजी मशीन कक्ष, पैथोलॉजी विभाग, बाह्य रोगी कक्ष (ओपीडी) और विभिन्न वार्ड में जाकर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में चीफ मेडिकल ऑफिसर डा. एस. के. वर्मा से जानकारी ली।

पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को 24 घंटे दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनियों के कार्मिकों व उनके परिजनों की चिकित्सा सुविधा के प्रति संवेदनशीलता सर्वोच्च प्राथमिकता है और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



# शास विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जाता है तो उसे सम्मान मिलता है। प्रोत्साहन से प्रतिभाओं का विकास होता है। विद्यार्थी देश हित में कार्य करे अच्छे से अध्ययन करे तो निश्चत रूप से प्रधानमंत्री का 2047 तक विकसित भारत निर्माण का सपना पूर्ण हो सकेगा। उक्ताशय के विचार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरू डॉ. राजेन्द्र कुररिया ने साइंस कॉलेज के वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। आपने भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व बताया। कार्यकम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना ने कहा कि शानदार वार्षिक स्नेह सम्मेलन के उपरांत विद्यार्थियों से बेहतरीन परीक्षा की तैयारी की अपेक्षा है। अपना लक्ष्य निर्धारित करें तथा नियम पूर्वक अनुशासन से कड़ी मेहनत द्वारा परीक्षा में प्रथम श्रेणी में सभी उत्तीर्ण हो। डॉ. ज्योति श्रीवास्तव तथा डॉ. प्रीति पांडे ने कार्यकम का संचालन तथा अभार प्रदर्शन स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. वर्षा अगलावे द्वारा किया गया। इसके बाद महाविद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह प्रारंभ हुआ। वर्ष भर महाविद्यालय में चलने वाली शैक्षणेत्तर गतिविधियों जैसे साहित्य, कीड़ा, सांस्कृतिक इत्यादि कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### वन रक्षक को दी धमकी

***जबलपुर।*** *बरगी थाने में राहुल गुलाटी उम्र 40 वर्ष निवासी आदर्श कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह वन रक्षक के पद पर वन परिक्षेत्र बरगी में पदस्थ है। विगत दिन उसकी डियूटी ग्राम चरगवां बीट तिखारी ओ 455 कम्पार्टमेंट वन परिक्षेत्र बरगी में प्लांटेशन में थी। डियूटी में प्लांटेशन का काम चल रहा था। तिखारी निवासी गोलू एवं मेहतू उसके पास काम कर रहे थे। तभी 3 व्यक्ति उसके पास आये जिनमें से एक व्यक्ति ने अपना नाम राजू मसराम बताया था जो शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुये उसके साथ गाली गलोज करते हुये बोला कि तुमने एक व्यक्ति को मारा है तो उसने कहा कि उसने किसी को नहीं मारा है तथा अपनी डियूटी पर थोड़ी देर पहले ही आया हूं। इसी बात पर उक्त व्यक्ति ने उसकी कॉलर पकड़ ली, उसके पास काम कर रहे गोलू एव मेहतू ने बीच बचाच किया तो राजू मसराम बोला कि कहीं मिला तो जान से खत्म कर दूंगा।*

# महिला के साथ शराब-चिकिन पार्टी कर किया दुष्कर्म, फिर कर दी हत्या

## पनागर में हुई महिला की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एक 30 वर्षीय महिला के साथ पहले दो परिचितों ने शराब और चिकन पार्टी की। फिर उसके साथ गैंगरेप किया। जब महिला ने इसका विरोध कर परिजनों को बताने की धमकी दी तो आरोपियों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए उसका बैग जला दिया। यह मामला पनागर थाना क्षेत्र का है। जहां एक महीने पहले हुए मर्डर का खुलासा करते हुए पुलिस ने दोनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी ने पकड़े जाने के डर से कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि विगत 12 जनवरी की सुबह को सूचना मिली थी कि ग्राम मुड़िया नहर के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजकर जांच शुरू तो पता चला कि 30 वर्षीय महिला कुंडम की रहने वाली है, जो पत्नी और बच्चों के साथ पनागर के फार्महाउस में रहकर काम किया करती थी।



घटना के समय महिला अर्धनग्न हालत में थी। उसका शव मुड़िया नहर के अंदर पड़ा हुआ था। इधर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मौत से पहले महिला ने शराब पी थी। गले की हड्डी टूटने के कारण उसकी मौत हुई है। इसके बाद पुलिस ने हत्यारों की तलाश शुरू की।

### दूसरे आरोपी की तलाश

इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि अंतिम बार महिला मुकेश सिंह के साथ देखी गई थी। पुलिस ने मुकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि मोनू, जो महिला का साथी था, उसके कहने पर वह उसे पंप हाउस स्थित अपने कमरे में ले गया था। वहां तीनों ने शराब और चिकन पार्टी की। इसके बाद मोनू ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में जब मुकेश ने भी दुष्कर्म करने की कोशिश की तो महिला शोर मचाने लगी। इस पर उसने महिला के साथ जबरदस्ती की। महिला ने कहा कि वह घर जाकर परिवार वालों को दोनों के नाम बता देगी। इतना सुनते ही मुकेश और मोनू ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और घर से करीब 200 मीटर दूर नहर में शव फेंक दिया। पुलिस के डर से दोनों ने मिलकर महिला का बैग, साड़ी और चप्पल जला दिए। पुलिस ने आरोपी मुकेश को गिरफ्तार करते हुए दूसरे आरोपी मोनू उर्फ महेश मार्को की तलाश में जुट गई।




# न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी को स्वामी अखंडानंद सरस्वती विशिष्ट व्यक्तित्व अलंकरण

## साकेतधाम में आयोजित श्री रामेश्वरम महादेव के 22वें पाटोत्सव पर हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भगवान शिव, विष्णु, ब्रह्मा, शक्ति , राम और कृष्ण सब एक ही हैं। केवल नाम रूप का भेद है, तत्व में कोई अंतर नहीं। किसी भी नाम से उस परमात्मा की आराधना की जाए, वह उसी सच्चिदानन्द की उपासना है। व्याकुल व्यक्ति को विश्राम की आवश्यकता होती है, ऐसे ही पाप बढ़ जाने पर ईश्वर विश्राम देने के लिए संहार भी करते हैं। उपरोक्त उद्गार गौरीघाट स्थित साकेतधाम में श्री रामेश्वरम महादेव के 22वें पाटोत्सव में आयोजित संत समागम में स्वामी मुक्तानंद ने व्यक्त किये। इस अवसर पर पं उमाशंकर शर्मा व्यास ने कहा कि शिव पशुपति हैं, मतलब सभी जीवों के देवता भी हैं, तो सारे जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव उनकी शादी में उपस्थित हुए। यहां तक कि भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी उनके विवाह में मेहमान बन कर पहुंचे। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती ने कहा कि वैराग्य के पश्चात् भगवत् चरणों में प्रेम होगा अथवा भगवद्भक्ति का उदय होने पर अपने आप सहज वैराग्य जीवन में आ जायेगा। दोनों ही के पक्ष-विपक्ष में तर्क और उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं। फिर भी यह मानना अधिक उपयुक्त होगा कि कुछ लोगों के जीवन में वैराग्य के पश्चात् भगवद्भक्ति का उदय होता है और कुछ इसके प्रतिकूल राग के पश्चात् ही विरागी बन पाते हैं। यद्यपि वैराग्य का उदय होने के पश्चात् भक्ति की दिशा में प्रवृत्ति साधना को सहज और निर्विघ्न बना देती है।

### हितकारिणी सभा ने किया सम्मानित

स्वामी अखंडानंद सरस्वती विशिष्ट व्यक्तित्व अलंकरण सम्मान न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी को साकेत धाम एवं हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटैरिया, बाबू विश्वमोहन, एड. अशोक गुप्ता, जयेश राठौर द्वारा सम्मानित किया गया। आज महाशिवरात्रि के पर्व पर साकेत धाम में प्रातः 10 बजे से भगवान शिव का अर्चन एवं पूजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से भगवान शंकर की बारात निकाली जाएगी एवं रात्रि 10 बजे से पं रोहित दुबे के आचार्यत्व में 51 वैदिक ब्राह्मण के द्वारा रात्रि पर्यंत तक भगवान शिव के चारों पहर का महा अभिषेक किया जाएगा। संत विद्वानों का स्वागत अभिनंदन जस्टिस विशाल धगट, जस्टिस डीडी बंसल, पूर्व जस्टिस संजय द्विवेदी, कैलाश गुप्ता, अशोक टेकड़ीवाल, लखन घनघोरिया, राजेश केडिया, उमंग गोयल, विश्वमोहन बाबू, सुनयना पटेरिया, अशोक गुप्ता, सौरभ बड़ेरिया, सुनील मिश्रा, आदि ने किया मंच संचालन डॉक्टर बृजेश दीक्षित एवं स्वस्तिवाचन पं रोहित दुबे, पंडित सौरभ दुबे ने कराया।

(फोटो - अनिल तिवारी)

# प्रसाद की मिठाई खाते ही बीमार पड़े 18 लोग, एक की हालत नाजुक

## भेड़ाघाट थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



प्रसाद के रूप में मिठाई खाने से एक ही परिवार के 18 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जबलपुर में भर्ती कराया गया। इनमें से एक की हालत नाजुक है, जिसे नागपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक भेड़ाघाट चौराहे पर रहने वाले पटेल परिवार ने बुधवार को बीकानेर स्वीट्स से 4 किलो मिठाई खरीदी थी। गुरुवार को परिवार के सदस्य त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-पाठ के बाद उन्होंने प्रसाद के रूप में वही मिठाई खाई। गुरुवार शाम से ही तबीयत बिगड़ने लगी थी, जब हालत ज्यादा खराब हुई तो शुक्रवार को सभी बीमारों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पीड़ित परिवार के रिश्तेदार रोहित पटेल ने बताया कि बीमार लोगों में दो पुरुष हैं, शेष बच्चे और महिलाएं हैं। उनका कहना है कि फिलहाल सभी लोगों का इलाज करवाया जा रहा है। इसके साथ ही भेड़ाघाट थाना पुलिस को भी सूचना दी गई है। गुरुवार रात अचानक परिवार के कई सदस्यों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी और दस्त होने लगे। आनन-फानन में शुक्रवार को उन्हें जिला अस्पताल जबलपुर सहित निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं कुछ लोगों को नरसिंहपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में इलाज के लिए भर्ती किया गया।

### फूड पॉइजनिंग की आशंका

निजी अस्पताल में भर्ती एक मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे नागपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सतर्क हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि मिठाई खाने से फूड पॉइजनिंग की घटना हुई है, हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पीड़ितों ने बताया कि मिठाई खाने के बाद परिवार के कई लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि जैसे ही लोगों को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई, उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी हालत में अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

## नगर निगम ने गैस गोदाम किया सील

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा बकाया कर वसूली के अभियान को तेज करते हुए कछपुरा संभाग में एक बड़ी कार्रवाई को नगर निगम द्वारा अंजाम दिया गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के पालन में, निगम की टीम ने लंबे समय से टैक्स न भरने वाले करदाताओं के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत मदन महल वार्ड क्रमांक 15 में बड़ी कार्रवाई की गई। यहाँ स्थित बघेला कंपनी के गैस गोदाम पर संपत्ति कर की राशि बकाया थी। इस संबंध में संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि संपत्ति पिन नंबर 1000495595 दिलीप बघेल पर कुल 2,59,445 रुपये का टैक्स बकाया था। श्री सिंह ने बताया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद राशि जमा न किए जाने पर, संभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर गोदाम को सील कर दिया।



# पुस्तक मेले को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिले में यातायात प्रबंधन एवं आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले के संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल से संबद्ध विद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक एवं संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यालय यातायात प्रबंधन संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आगामी सत्र से 15 वर्ष से अधिक पुराने तथा एलपीजी गैस से संचालित वाहनों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी विद्यालय बसों में स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा बसों के पीछे विद्यालय का नाम एवं संपर्क नंबर अंकित हो, जिससे निर्धारित गति से अधिक होने पर सूचना दी जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में बिना हेलमेट के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अन्य व्यक्तियों को प्रवेश न दिया जाए। मार्च माह में प्रस्तावित पुस्तक एवं गणवेश मेले में सभी विद्यालय अपनी पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा अंनावश्यक पीडीएफ भेजकर प्रिंट हेतु बाध्य न करें। कलेक्टर नें नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों में अनिवार्य रूप से आयोजित करने, यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नियमित काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे, स्टॉपर एवं प्रशिक्षित वालेंटियर की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गेहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायातअंजना तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## इलाज के दौरान युवक ने तोड़ा दम

**जबलपुर ।** बरेला थाना चौकी गौर में भरत पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई चौकी गौर ने सूचना देकर बताया कि विगत 30 जनवरी को ग्राम चौखड़ा में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उसके बड़े भाई निखिल पटेल उम्र 24 वर्ष को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान भाई निखिल की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते मामले को जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाने में स्वास्तिक अस्पताल से सूचना मिली कि दोपहर लगभग 1-30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल अजय चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी इमलई पनागर को उपचार हेतु स्वास्तिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान अजय चौधरी की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सूने मकान पर चोरों का धावा

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा के वार्ड क्रमांक 06 चौपड़ा मोहल्ला में शादी समारोह के दौरान सूने पड़े घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित प्रकाश श्रीवास ने बताया कि गुरुवार को उनके चाचा चमन श्रीवास की बेटी का विवाह रमन पैलेस में आयोजित था। वह अपनी पत्नी मनीषा श्रीवास और दोनों पुत्र आदर्श व आर्यन के साथ रात करीब 9 बजे समारोह में शामिल होने गए थे। बीच-बीच में घर आना-जाना लगा रहा, लेकिन रात करीब 12 बजे घर में ताला लगाकर पूरा परिवार विवाह स्थल चला गया। रात लगभग 2 बजे जब प्रकाश श्रीवास पत्नी के साथ कपड़े बदलने घर लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो नीचे बड़े भाई संतोष श्रीवास के हिस्से में ताला सुरक्षित था, लेकिन ऊपर उनके मकान के दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे पड़े थे। अलमारी से सोने का हार, चैन, चांदी की पायल, झाले, बच्चों के चांदी के चूड़े, बिछिया सहित अन्य जेवर और करीब 25 हजार रुपये नकद गायब थे। पीड़ित के मुताबिक चोर लगभग 8 तोले के सोने-चांदी के जेवर ले गए, जिनकी अनुमानित कीमत 12 से 15 लाख रुपये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# रिवर्स शार्क टैंक : द प्रॉब्लम्स फर्स्ट चैलेंज में उभरी विद्यार्थियों की प्रतिभाएं

## हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने दी अपनी प्रस्तुति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित रिवर्स शार्क टैंक-द प्रॉब्लम्स फर्स्ट चैलेंज, विद्यार्थियों की प्रतिभा, नवाचार क्षमता और समस्या समाधान कौशल का शानदार प्रदर्शन बनकर उभरा। इस अनूठे आयोजन में छात्रों ने पारंपरिक आइडिया प्रस्तुति से अलग हटकर पहले वास्तविक समस्याओं की पहचान की और फिर उनके व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह भविष्य उन्मुख और उद्योग आधारित सीख का सशक्त मंच बन गया। चार सदस्यीय टीमों में भाग लेते हुए विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य एवं फार्मेसी क्षेत्र से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों पर शोध आधारित प्रस्तुतियां दीं। छात्रों का आत्मविश्वास, विश्लेषणात्मक सोच, टीमवर्क और पेशेवर प्रस्तुति शैली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। प्रतिभागियों ने यह सिद्ध किया कि आज के विद्यार्थी केवल शिक्षार्थी नहीं, बल्कि भविष्य के नवाचारी समाधानकर्ता हैं।

***विजेताओं को किया गया पुरस्कृत***- यह आयोजन अध्यक्ष एचएस ओबेरॉय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिनकी प्रेरणा से संस्थान में नवाचार एवं शोध आधारित गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों को वास्तविक समस्याओं पर सोचने और समाज उपयोगी समाधान विकसित करने की दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में जज की भूमिका नरेश मधवानी सीईओ बीएमडब्ल्यू जबलपुर एवं श्रद्धा राजपाल, को-सीईओ व्हाइट फोर्स द्वारा निभाई गई। जजों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और नवाचारी सोच को अत्यंत प्रभावशाली बताया। इसी अवसर पर श्रद्धा राजपाल ने घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ नवाचारी विचार को 50 लाख तक की संभावित वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसने विद्यार्थियों के उत्साह को नई ऊर्जा दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु केवट, द्वितीय स्थान मोहम्मद अयान, तृतीय स्थान अम्बर नामदेव एवं उनकी टीमों ने मिलकर अर्जित किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। रिवर्स शार्क टैंक केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए नवाचार, नेतृत्व, आलोचनात्मक सोच और वास्तविक जीवन आधारित सीख का प्रेरणादायक मंच सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें भविष्य के सक्षम एवं जिम्मेदार फार्मेसी पेशेवर बनने की दिशा में सशक्त किया।

# जीवन में सुख-शांति और पवित्रता लाने की प्रेरणा देती है महाशिवरात्रि



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव संदेश शोभा यात्रा का शुभारंभ विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी द्वारा शिव ध्वज दिखाकर किया गया। यह शोभा यात्रा शिव वरदान भवन, कटंगा कॉलोनी से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, विजयनगर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र तक निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने शिव संदेश का प्रसार करते हुए आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मपरिवर्तन और आध्यात्मिक जागृति का पर्व है, जो हमें राजयोग के माध्यम से आंतरिक शक्तियों को जागृत कर श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विधायक अशोक रोहाणी ने सभी नागरिकों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों से समाज में शांति, भाईचारा और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है तथा लोगों को आत्मिक उन्नति की प्रेरणा मिलती है। इस शोभायात्रा के आयोजन में पूजा दीदी , मधु दीदी, सुनीता दीदी, संतोष दीदी, शुभम भाई , संतोष भाई, हर्षित भाई, दिनेश भाई का योगदान रहा।

# मध्यस्थता से ही संभव है विवादों का त्वरित समाधान : जस्टिस जेके माहेश्वरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा होटल आईटीसी वेलकम, तिलवारा रोड में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि मप्र के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने कार्यशाला को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस जेके महेश्वरी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में मध्यस्थता का प्रमुख स्थान रहा है विवादों के त्वरित निराकरण का माध्यम मध्यस्थता से ही संभव है और मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है, संवाद को प्राथमिकता देकर मध्यस्थता के द्वारा प्रकरण का त्वरित निराकरण संभव है हमारे देश में पूर्व में मध्यस्थता के माध्यम से ही त्वरित न्याय की व्यवस्था थी आज भी यही विधि प्रभावी है और यही कारण है कि मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम में विवादों के निराकरण हेतु विशेष प्रावधान किया गए है।







# आस्था, इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम है कोटेश्वर महादेव मंदिर

## ऋषि दधीचि की तपोभूमि वाला स्थान है कोटेश्वर धाम

### आज महाशिवरात्रि पर विशेष मेले का आयोजन, होंगें विविध कार्यक्रम

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।





मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र के घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित है आस्था, अध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत संगम वाला प्राचीन कोटेश्वर महादेव मंदिर। सैकड़ों वर्षों पुराना यह पवित्र धाम श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र माना जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहाँ स्थापित शिवलिंग स्वयंभू अर्थात स्वयं प्रकट हुआ है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इन वनों में तपस्या करते थे। जहाँ उनकी साधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव इस पावन स्थल पर प्रकट हुए और तभी से यह स्थान कोटेश्वर महादेव के नाम से विख्यात हो गया।

भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर अपनी ऐतिहासिक महत्ता, आध्यात्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। बताया जाता है कि मध्यकालीन काल लगभग 12वीं शताब्दी में पत्थर की एक बड़ी चट्टान पर नक्काशी करके मंदिर का निर्माण हुआ था और इसे चालुक्य या परमार कालीन स्थापत्य शैली से जोड़कर देखा जाता है। पत्थर से निर्मित संरचना, नक्काशीदार स्तंभ और गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग मंदिर की प्राचीनता को दर्शाते हैं। कहा जाता है कि घने जंगलों में साधना करने वाले ऋषि-मुनियों को यहाँ दिव्य ज्योति दिखाई दी, जिसके बाद शिवलिंग स्वयंभू प्रकट हुआ। तब इस स्थान का महत्व बढ़ा। यह भी बताया जा रहा है कि यह कोटेश्वर धाम ऋषि दधीचि की तपोभूमि वाला स्थान है। दण्डकारण्य क्षेत्र के अधीनस्थ घने जंगलों और प्राकृतिक वातावरण से घिरा यह धाम श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। मंदिर परिसर के आसपास प्राचीन जलस्रोत और मनोहारी दृश्य इसकी सुंदरता को और बढ़ाते हैं। इसलिए इसे आस्था, इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम माना जाता है।

वैसे तो 12वीं शताब्दी का यह मंदिर मूल रूप से 1800 ईसवी में अस्तित्व में आया है। जब 1897 में इस कस्बे का पहला आधुनिक उल्लेख हेनरी कूसेंस द्वारा लिखी गई किताब मे मिला। उन्होंने बाँस के जंगल के बीच स्थित किले और एक शिव मंदिर का उल्लेख किया है। उन्ही के अनुसार यह मंदिर 18वीं शताब्दी ईस्वी के आरंभ में गोंडो द्वारा बनवाया गया था। जिनकी कल्चुरी कालीन कलाकृतियों आज यहां देखने मिलती है। उसके बाद सन 1900 में इस मंदिर का निर्माण ब्रिटिश शासनकाल में तत्कालीन तहसीलदार रामप्रसाद दुबे ने कराया था। जिसके बरामदे का निर्माण 1902 में हुआ था। आगे ब्रिटिश भारतीय पुरातत्वविद् जे.एफ. ब्लेकिस्टन ने 1913-14 में अपनी यात्रा के दौरान इस मंदिर को दयनीय अवस्था में पाया। उन्हें बताया गया था कि मंदिर एक महान तीर्थस्थल है, लेकिन उन्हें वहाँ कोई भी देखभाल करने वाला नहीं मिला। कोई भी इसकी आंतरिक सफाई नहीं कर रहा था और मंदिर गंदा और चमगादड़ों से भरा हुआ था। 1900 के दशक में जो मंदिर एक बांस के जंगल के बीच स्थित था, आज वहां खुला मैदान है।

स्थानीय लोगो के अनुसार मंदिर परिसर के आसपास शमशान घाट हुआ करता था। जहाँ साधु बाबा और तांत्रिक साधना करते थे। क्युकी यहां मांगी जाने वाली हर मुराद पुरी होती है, जिससे मंदिर के प्रति लोगो की आस्था अटूट हो चुकी है। वर्तमान मे पर्यटन की दृष्टि से भी यह स्थल महत्वपूर्ण माना जा रहा है और यहाँ सुविधाओं के साथ विकास की संभावनाएँ जताई जाती रही हैं। धार्मिक दृष्टि से महाशिवरात्रि और सावन माह में यहाँ विशेष पूजा-अर्चना और मेले का आयोजन होता है, जिसमें जिले सहित दूर-दराज से हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुँचते हैं। कई श्रद्धालु मानते हैं कि यहाँ सच्चे मन से जलाभिषेक करने पर मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। शिवलिंग गर्भगृह में स्थापित है, जहाँ श्रद्धालु सीधे जल, दूध, बेलपत्र अर्पित करते हैं।

# नपा ने शिवमंदिर की सुरक्षा में लगवाई फेंसिंग, अब स्थानीय लोग कर रहे सराहना

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



नगर पालिका बालाघाट द्वारा शहर के दीनदयाल पुरम कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 23 में स्थित शिवमंदिर परिसर में कराया गया फेंसिंग कार्य स्थानीय नागरिकों के बीच सराहनीय माना जा रहा है। क्योंकि लंबे समय से शिव मंदिर प्रांगण की सुरक्षा को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा मांग उठाई जा रही थी। अंततः स्थानीय लोगों के अथक प्रयास, जनसहभागिता और निरंतर आग्रह के फलस्वरूप नगरपालिका ने त्वरित संज्ञान लेते हुए यहां मजबूत एवं व्यवस्थित फेंसिंग का कार्य पूर्ण कराया, जिससे मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है। उल्लेखनीय है कि फेंसिंग कार्य से पूर्व मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। वहीं आवारा पशुओं की आवाजाही के कारण परिसर की स्वच्छता और पवित्रता भी प्रभावित होती थी। श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को पूजा-अर्चना में असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। कई बार मंदिर की संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी रहती थी। ऐसे में यह कार्य क्षेत्र की आस्था, सुरक्षा और सांस्कृतिक गरिमा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय बन गया था।

नगरपालिका द्वारा कराया गया यह कार्य न केवल सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हुआ है, बल्कि इससे मंदिर परिसर की सुंदरता में भी अभूतपूर्व निखार आया है। सुव्यवस्थित फेंसिंग से पूरा प्रांगण आकर्षक एवं व्यवस्थित दिखाई देने लगा है, जिससे श्रद्धालुओं में भी हर्ष का वातावरण है। विशेष बात यह है कि महाशिवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए समय रहते यह कार्य पूर्ण कराया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने नगरीय प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचायक बताया है। क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका के इस सराहनीय, प्रशंसनीय एवं जनभावनाओं के अनुरूप किए गए कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार जनहित के कार्य होते रहे तो शहर का समग्र विकास निश्चित रूप से गति पकड़ेगा।

# वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला न्यायालय बालाघाट सहित जिले के सभी तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल एवं आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) मामलों का भी आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसमें परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के प्रकरण, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, विद्युत बिल, जलकर, संपत्तिकर बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा निवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले, राजस्व प्रकरण एवं अन्य सभी राजीनामा योग्य मामले शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत में उपलब्ध छूट एवं सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से कराएं।

# झिरिया के महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशाल मेले का आयोजन



**बालाघाट।** जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत झिरिया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महा-शिवरात्रि पर्व पर महादेव मेले का आयोजन मेला समिति के द्वारा करवाया जा रहा है। जिसमें अनेक कार्यक्रम क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के लिए आयोजित हो रहे है। कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में मेला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 15/02/2026 की प्रातः 8 बजे से महादेव मंदिर में विराजित शिवलिंग का रुद्राभिषेक व हवन-पूजन कार्य किया जाएगा। और दोपहर 2 बजे से महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया धापेवाड़ा से विक्की चन्ने महाराज के महाशक्ति जागरण ग्रुप के द्वारा भक्तिमय गीतों की संगीतमय प्रस्तुति की जाएगी, और रात्रि में दीपिका तुरकर आदर्श महिला मण्डल लालपुर, जिला सिवनी व सुनिता खण्डाइत नवदुर्गा महिला मण्डल कामथी,लालबर्रा द्वारा दुय्यम शायरी का मुकरबला रात्रि 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर झिरिया के पूर्व सरपंच व मेला समिति के अध्यक्ष गुनाराम बघेले द्वारा बताया गया कि जिस पवित्र और प्रसिद्व स्थल पर महाशिवरात्रि मेले में दुय्यम शायरी के मुकाबले का आयोजन होने जा रहा है, यंहा हर बरस महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों श्रृद्वालु अपनी आस्था और विश्वास के साथ महादेव की पहाड़ी पर विराजित प्राचीन गुफा और शिवलिंग के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते है।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस पर छलका स्नेह : महात्मा ज्योतिबा फुले मिडिल स्कूल सरेखा में भारतीय संस्कारों की अनूठी झलक

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



14 फरवरी को जहां एक ओर आधुनिक परिवेश में प्रेम दिवस मनाने की परंपरा प्रचलित है, वहीं सरेखा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले मिडिल स्कूल सरेखा में भारतीय संस्कृति और जीवन शैली पर आधारित मातृ-पितृ पूजन दिवस अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में इसे एक पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रधानपाठक राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा विद्या एवं वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में भारतीय संस्कृति की छटा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का संचालन वेद वेदांत सेवा समिति के प्रमुख श्री शेखर जी के सहयोग से किया गया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मातृ-पितृ पूजन के महत्व को अपने विचारों, प्रेरक उद्बोधनों एवं भावपूर्ण गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु, सच्चे मार्गदर्शक और हमारे भविष्य के निमार्ता होते हैं। उनका स्थान जीवन में सर्वोपरि है। उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आजीवन आदर ही सच्चे संस्कारों की पहचान है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब बच्चों ने अपने माता-पिता के चरणों में शीश नवाकर उनके माथे पर तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा आरती उतारकर अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा प्रकट की। तत्पश्चात परिक्रमा कर उनका मुंह मीठा कराया। इस दृश्य को देखकर उपस्थित अभिभावकों की आंखें नम हो गई और पूरा परिसर भावनाओं से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की मातृ-पितृ भक्ति का स्मरण करते हुए बच्चों को यह संदेश दिया गया कि सच्ची सफलता और समृद्धि का मार्ग माता-पिता के आशीर्वाद से ही प्रशस्त होता है।

# उदगोटा में शिव की महिमा : वर्ष भर जल से भरा पत्थर कुण्ड बना आस्था का केंद्र

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम खड़कपुर और चिखला बांध के मध्य सड़क किनारे स्थित उदगोटा क्षेत्र में भगवान शिव का प्राचीन स्थान आज भी श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। चिखला बांध और खड़कपुर के जंगलों से घिरा यह शिव धाम अपनी प्राकृतिक विशेषताओं और लोकमान्यताओं के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। यहां स्थित पत्थर कुण्ड की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उदगोटा क्षेत्र जमीनी स्तर से ऊपर होने के बावजूद कुण्ड में वर्ष भर जल भरा रहता है। स्थानीय लोगों और जंगल की ओर जाने वाले राहगीर इसी जल से अपनी प्यास बुझाते हैं। ग्रामीण इसे भगवान शिव की कृपा मानते हैं। बुजुर्गों के अनुसार, पत्थर कुण्ड में गिरा कोई भी लगभग 3 किलोमीटर दूर जामखरी के जंगल में स्थित नन्दभौरा स्थान पर दिखाई देता है। वर्षों से चली आ रही यह मान्यता आज भी लोगों की श्रद्धा को और मजबूत करती है।



# महाशिवरात्रि पर्व पर धार्मिक उत्साह के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि, आज निकलेगी बारात

उमरिया (स्वतंत्र मत)।



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर धार्मिक माहौल बना हुआ है। सगरा मंदिर धाम में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में हल्दी, मेहंदी एवं संगीत कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और भगवान शिव-पार्वती के शुभ मिलन उत्सव का आनंद लिया। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि 15 फरवरी 2026 को दोपहर 1 बजे बारात प्रस्थान करेगी, जो शिव शक्ति धाम उमरार सिटी से सगरा मंदिर धाम के लिए निकलेगी। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। इसी दौरान कार्यक्रम में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय वीर जवानों को शत-शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों ने देश की सुरक्षा में बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस पूरे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन का संचालन श्री सागरेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के भक्तजन सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# बिना अनुमति के धरना, प्रदर्शन, रैली, आंदोलन करना प्रतिबंधित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अनुभाग मानपुर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न व्यक्तियों एवं समूहों द्वारा अपनी व्यक्तिगत अथवा सामूहिक मांगों की पूर्ति हेतु बार-बार धरना/प्रदर्शन आयोजित करना एक प्रवृत्ति के रूप में विकसित हो गया है। यह भी परिलक्षित हुआ है कि इस प्रकार के धरना प्रदर्शन से लोक शांति भंग होने, कानून व्यवस्था प्रभावित होने, शासकीय कार्यालयों के कार्य बाधित होने, यातायात अवरुद्ध होने तथा आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए तथा सार्वजनिक शांति, सुरक्षा एवं प्रशासनिक कार्यों के निर्विघ्न संचालन हेतु, यह आवश्यक हो गया है कि धरना प्रदर्शन को नियंत्रित एवं विनियमित किया जाए। उपखंड दंडाधिकारी राजस्व मानपुर हरनीत कौर कलसी ने कहा है कि अनुभाग मानपुर क्षेत्र अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, समूह अथवा संगठन बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थल, सड़क या चौराहे पर धरना, प्रदर्शन, रैली अथवा आंदोलन आयोजित नहीं करेगा।

धरना प्रदर्शन हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए संबंधित पक्ष को कम से कम (सात) दिवस पूर्व सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का एकत्रीकरण अवैध माना जाएगा।धरना प्रदर्शन के आयोजन के दौरान टेंट की व्यवस्था उपलब्ध कराने वाले प्रत्येक टेंट संचालक ठेकेदार को सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# तालाब के किनारे मिले आधार कार्ड, पुलिस कर रही जांच

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



शनिवार 14 फरवरी को जिले में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जिला मुख्यालय क्षेत्र में हजारों आधार कार्ड संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला उमरिया जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 19 स्थित बनिया तालाब के पास का है, जहां तालाब किनारे बड़ी संख्या में आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बिखरे हुए मिले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय स्थानीय लोगों ने तालाब किनारे दस्तावेजों का ढेर देखा। करीब जाकर देखने पर पता चला कि इनमें आधार कार्ड सहित अन्य पहचान संबंधी दस्तावेज भी मौजूद थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सूचना कोतवाली पुलिस उमरिया को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दस्तावेजों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये आधार कार्ड यहां कैसे पहुंचे। आशंका जताई जा रही है कि यह किसी विभागीय लापरवाही या दस्तावेज प्रबंधन में बड़ी चूक का परिणाम हो सकता है। आधार कार्ड देश में पहचान का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस घटना के बाद प्रशासनिक विभागों में हड़कंप मच गया है। यदि जांच में लापरवाही साबित होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई संभव मानी जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# पूजा वेयर हाउस के मालिक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान में उपार्जित धान का पूजा वेयर हाउस गोदाम बरबसपुर पाली जिला उमरिया की धान उपार्जन समिति प्रबंधकों से प्राप्त शिकायत पर पूजा वेयर हाउस गोदाम पाली जिला उमरिया में धर्मकांटे में गडबडी एवं धान के स्टॉक के वजन में अंतर आने की शिकायत के संबंध में 3 जनवरी को रोहित सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी उमरिया, अभय सिंह, सहायक आयुक्त, सहकारी संस्थाएं उमरिया, निरपत सिंह कीर निरीक्षक, नाप-तौल उमरिया, प्रवीण तिवारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित उमरिया मुन्नालाल चौधरी, गुणवत्ता निरीक्षक, एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन उमरिया, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, पाली जिला उमरिया द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गयी, जांच के दौरान पायी गई अनियमितताएं के संबंध में पूजा वेयर हाउस के मालिक पूजा गुप्ता पति नटराज गुप्ता एवं वेयर हाउस केयर टेकर नटराज गुप्ता पिता आरके गुप्ता, पूजा धर्मकांटा एण्ड वेयर हाउस बरबसपुर पाली जिला उमरिया (म.प्र.) के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पूजा वेयर हाउस बरबसपुर पाली जिला उमरिया में भण्डारण के लिये भेजी गयी धान तौल में कमी आने के कारण प्राप्त शिकायत की उपरोक्तानुसार संयुक्त रूप से जांच कर पूजा वेयर हाउस के मालिक पूजा गुप्ता पति नटराज गुप्ता एवं वेयर हाउस केयर टेकर नटराज गुप्ता पिता आर.के. गुप्ता, पूजा धर्मकांटा एण्ड वेयर हाउस बरबसपुर पाली जिला उमरिया के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण में कारण बताओ सूचना पत्र जारी का उत्तर चाहा गया है एवं प्रकरण में निमयानुसार कार्यवाही प्रचलित है।

# फायलेरिया बीमारी के नियंत्रण के लिए घर-घर खिलाई जा रही दवा

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि एम.डी.ए./सामूहिक दवा सेवा अभियान के सफल संचालन के लिए पाली में सामूहिक दवा सेवन (एम.डी.ए.) अभियान विकासखंड पाली से समस्त ग्रामों के लिए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत 14 फरवरी से 20 फरवरी तक दल द्वारा घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी से 24 फरवरी तक, मापअप राउन्ड के तहत छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जाना है। फायलेरिया बीमारी से बचने के लिए दवा का सेवन आवश्यक है। फायलेरिया की बीमारी कभी भी किसी को भी हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि दवाई का सेवन स्वयं करें और अपने संपर्क के लोगों को भी दवा खाने के लिए जागरूक करें। उन्होने बताया कि वर्ष में एक बार 02 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी जन समुदाय को निर्धारित मात्रा में फायलेरिया रोधी दवा डीईसी (डाय इथाइल कार्बामैजीन) एवं एल्वेन्डाजोल का सेवन कराया जाना आवश्यक है। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। एल्वेन्डाजोल की गोली चबाकर ही खाना है। 2 से पांच वर्ष के बच्चों को 1 डीईसी टेबलेट तथा 1 एल्वेन्डाजोल, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को 2 डीईसी टेबलेट तथा एक एल्वेन्डाजोल एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 3 डीईसी टेबलेट एवं एक एल्वेन्डाजोल टेबलेट खिलाई जानी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा त्रिमूर्ति शिव जयन्ती महोत्सव

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिला न्यायालय के पीछे शान्ति मार्ग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजयोग मेडिटेशन केन्द्र,ब्रह्माकुमारी आश्रम मे परमपिता परमात्मा शिव का 90वा अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, संस्था के मीडिया प्रभारी भ्राता एस, कुमार ने बताया कि सुबह अम्रत बेले ब्रह्मा वत्सो द्वारा ध्यानयोग ,मुरली क्लास के पश्चात प्रातः 11 बजे केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी व नगर की माताओं, बहनो,भाइयों के द्वारा परमात्मा शिवबाबा का शिव धवज फहराया जायेगा। इसी के साथ दोपहर लगभग दो बजे शंकर पार्वती के साथ 8 फिट के महाकाल शिवलिंग की अनुपम झाँकी ब्रह्माकुमारी आश्रम शान्ति मार्ग द्वारा निकाली जायेगी जो महाशिवरात्रि समारोह मे जन आकर्षण का केन्द्र रहेगी। परमपिता परमात्मा शिवबाबा की शोभायात्रा ब्रह्माकुमारीज के राज योग मेडिटेशन केन्द्र जिला न्यायालय के पीछे वार्ड क्रमांक 6 शान्ति मार्ग से होते हुए विनोबा मार्ग,पुराना पड़ाव,सिन्धी कालोनी खलेसर रोड होते हुए गाँधी चौक ,जयस्तंभ चौक, जिला अस्पताल होते हुए ब्रह्माकुमारीज के राजयोग केन्द्र पहुंचेगी जहाँ उपस्थित जनो के द्वारा भगवान की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त कर केक काटकर खुशियां मनाया जायेगा व एक शाम शिवबाबा के नाम संगीतमय भजन का कार्यक्रम रखा गया है।

## शिव महापुराण का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शिव महापुराण का आयोजन शांति नगर बिंझिया में 11 फरवरी से 18 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से 5 तक भव्य आयोजन किया गया है जिसमें बाल व्यास सुमित जी महाराज शिव महापुराण का वाचन करेंगे कार्यक्रम आयोजक मां बमलेश्वरी दुर्गा समिति शांति नगर बिंझिया द्वारा श्रृद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की गई है

## सुरक्षा का दिया संदेश

मण्डला(स्वतंत्रमत)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों एवं विद्यार्थियों को हेलमेट की अनिवार्यता यातायात नियमों का पालन नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया।

## सीईओ ने किया केन्द्र निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत 13 फरवरी को कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेण्डरी मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज, विज्ञान के तत्व एवं भारतीय कला का इतिहास विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। उक्त विषयों में कुल 3792 परीक्षार्थियों में से 3746 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 46 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान नकल प्रकरणों की संख्या निरंक रही। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 में नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त फ्लाइंग स्क्वॉड के अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

## पीएमकेवीवाई के लिए आवेदन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय आईटीआई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत जॉब रोल ट्रेक्टर सर्विस मैकेनिक के 60 सीट सोलर लाईट एसेंबलर के 60 सीट एवं इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर असेंबली ऑपरेटर के 60 सीट में योजनान्तर्गत 23 फरवरी से 400 घंटे का नि:शुल्क प्रशिक्षण सभी वर्गों के उम्मीदवारों के लिए प्रारंभ किया जा रहा है। पीएमकेवीवाई 4.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण उपरांत एनएसडीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। जिससे रोजगार एवं स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। इच्छुक कक्षा 12वीं उत्तीर्ण उम्मीदवार योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए लिंक अथवा दिये गये क्यू आर कोड पर पंजीयन कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए शासकीय आईटीआई से मोबाईल नंबर 8770436523, 8305750362, 9424782587 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## डिप्टी कलेक्टर ने लिया जायजा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा उपचार व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डिप्टी कलेक्टर श्री बावरिया ने चिकित्सकों एवं स्टाफ से चर्चा कर दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई भर्ती मरीजों की देखभाल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## भोजनालय को किया गया सील

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड मंडला स्थित यात्री प्रतीक्षालय के समीप कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद द्वारा आवंटित एक दुकान जो शाकाहारी भोजनालय के नाम से संचालित थी के भीतर शटर बंद कर अवैध रूप से मांसाहारी भोजन और बिरयानी पका जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि होने पर नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस बल और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। दुकान शाकाहारी भोजनालय के लिए आवंटित थी, किंतु इसके भीतर गुप्त रूप से मांसाहारी व्यंजन तैयार किए जा रहे थे। नायब तहसीलदार श्रीराम सिंह उलाड़ी के साथ राजस्व विभाग नगरपालिका परिषद की टीम और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शटर बंद कर संचालित हो रही इस अवैध गतिविधि के पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

# सोना-चांदी के बजाय गिफ्ट तो कहीं नगदी उपहार देकर निभा रहे रिश्ते, लगातार सोना-चांदी के दाम बढ़ने से बिगड़े हालात

मण्डला(स्वतंत्र मत)



लगातार सोना चांदी के दाम बढ़ने से सराफा बाजार में मंदी का दौर दिखाई दे रहा है। जिन दुकानों में पैर रखने की जगह नही रहती थी उन दुकानों में सन्नाटा पसरा है। यही नही हॉट बाजार में दुकान लगाने वाले सोना चांदी के व्यापारी भी बुरी तरह परेशान हो गए हैं। आए दिन सोना चांदी के रेट अचानक तेजी से बढ़ जाते हैं तो कभी कभी थोड़ा बहुत कम हो जाते हैं। जिससे ग्राहक अब सोना चांदी खरीदने में उत्सुक नजर नही आ रहा है। वहीं दूसरी तरफ शादी विवाह सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में दिए जाने वाले सोना चांदी के उपहारों में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। इसकी जगह लोग अब गिरफ्ट आइटम या नगद राशि दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि जो पायल मात्र 3 से 5 हजार के बीच मिल जाती थी अब वह पायल 10 से 15 हजार के आसपास हो गई है। वहीं छोटे-छोटे आभूषण भी हजारों से कम के नही रह गए हैं। जिससे लोग सोना चांदी की जगह नगद व्यवहार ही दे रहे है। जिसका सीधा असर सराफा के छोटे व्यापारियों पर पड़ा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि अगर यही हाल रहा तो छोटे व्यापारी भूखे मरने की नौबत में अब जायेंगे। जबकि देश में सोना और चांदी जो सिर्फ आभूषण नहीं बल्कि भरोसे और निवेश का प्रतीक माने जाते हैं इन दिनों आम लोगों से लेकर बड़े निवेशकों तक को लगातार उलझन में डाल रहे हैं। कभी खबर आती है कि सोना महंगा हो गया तो कहीं यह कहा जाता है कि दामों में गिरावट दर्ज की गई है। चांदी के भाव भी इसी तरह झूले पर नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में सोने-चांदी की कीमतों को लेकर रोज नए आंकड़े सामने आए। कभी अंतरराष्ट्रीय बाजार के हवाले से तेजी की बात हुई तो कभी घरेलू बाजार में मांग घटने के कारण गिरावट की खबरें आईं। अखबारों टीवी चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रोज़ बदलते रेट देखकर लोग असमंजस में पड़ गए। इस उतार-चढ़ाव का सबसे ज्यादा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है। शादी-ब्याह और त्योहारों के मौसम में लोग यह सोचकर रुक जाते हैं कि शायद कल रेट कम हो जाए। लेकिन कई बार इंतज़ार के बावजूद उन्हें वही वर्तमान कीमत पर खरीदारी करनी पड़ती है। मंडला के सराफा बाजार में एक ग्राहक ने कहा हफ्तों से सुन रहे हैं कि सोना सस्ता हो रहा है लेकिन जब दुकान पर आते हैं तो दाम लगभग वही मिलते हैं। समझ नहीं आता कि गिरावट कहां है। इसी तरह चांदी के बर्तन या आभूषण खरीदने वाले लोग भी दुविधा में हैं। रोज बदलते भाव के कारण न तो सही समय पर खरीदारी हो पा रही है न ही बजट का सही अंदाजा लग पा रहा है। सोना-चांदी को सुरक्षित निवेश माना जाता है। महंगाई आर्थिक अनिश्चितता और वैश्विक तनाव के दौर में लोग इन्हें सेफ हेवन के रूप में देखते हैं। लेकिन मौजूदा हालात में निवेशक भी पशोपेश में हैं। रेट में जो हलचल दिख रही है वह असल में अंतरराष्ट्रीय संकेतों, डॉलर की चाल और ब्याज दरों की आशंकाओं का असर है। लेकिन लंबी अवधि में कोई बड़ी गिरावट नजर नहीं आ रही। यानी छोटे-मोटे उतार-चढ़ाव के बावजूद सोना-चांदी अपने पुराने स्तर के आसपास ही घूम रहे हैं। इससे निवेशकों को न तो बड़ा मुनाफा दिख रहा है और न ही कोई खास नुकसान। सोने-चांदी की कीमतें सिर्फ भारत में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में कई कारकों पर निर्भर करती हैं। अमेरिका में ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती, वैश्विक मंदी की आशंका, युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव ये सभी चीजे कीमती धातुओं के दामों को प्रभावित करती हैं। हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कभी तेजी, कभी सुस्ती देखने को मिली। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह असर अस्थायी रहा और लंबे समय में कीमतें संतुलन पर लौट आईं। सराफा व्यापारी भी इस स्थिति से परेशान हैं। रोज बदलते रेट के कारण उन्हें ग्राहकों को समझाना मुश्किल हो रहा है। कई व्यापारी मानते हैं कि खबरों में दिखने वाली गिरावट अक्सर कागजी होती है। रेट थोड़ा ऊपर-नीचे होता है लेकिन मेकिंग चार्ज, टैक्स और अन्य लागत जोड़ने के बाद ग्राहक को ज्यादा फर्क नजर नहीं आता। इसलिए लोग कहते हैं कि दाम तो वहीं के वहीं हैं। सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव और तेज देखा गया है। औद्योगिक मांग निर्यात-आयात और स्टॉकिस्टों की खरीद-बिक्री से चांदी के भाव ज्यादा प्रभावित होते हैं। कभी अचानक तेजी तो कभी तेज गिरावट लेकिन अंत में भाव फिर उसी दायरे में आ जाते हैं। यही वजह है कि चांदी के खरीदार और निवेशक दोनों ही असमंजस में हैं। अगर आंकड़ों को ध्यान से देखा जाए तो साफ़ है कि बड़ी गिरावट की जो उम्मीद की जा रही थी वह पूरी नहीं हुई। कुछ दिनों की नरमी के बाद कीमतें फिर संभल गईं। यानी गिरावट की खबरें ज्यादा और असर कम रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक वैश्विक स्तर पर कोई बड़ा आर्थिक बदलाव नहीं होता तब तक सोना-चांदी एक सीमित दायरे में ही घूमते रहेंगे। आने वाले समय में त्योहारों और शादी के सीजन के चलते मांग बढ़ सकती है। इससे कीमतों में हल्की तेजी संभव है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार से अगर नकारात्मक संकेत आए तो कुछ गिरावट भी देखी जा सकती है। लेकिन फिलहाल किसी बड़े बदलाव की संभावना कम ही नजर आ रही है। सोना और चांदी इन दिनों खबरों में खूब हैं कहीं बढ़ते कहीं गिरते रेट की चर्चा। आम आदमी को कोई बड़ी राहत मिली न निवेशकों को कोई साफ़ संकेत।

# सरकारी रिकॉड में मृत हुई महिला



मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)

मवई विकासखंड के अमवार निवासी विशेष जनजाति बैगा परिवार की प्रमुख महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया है। राशन बंद पेंशन बंद शासकीय योजनाओं से वंचित यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि एक गरीब आदिवासी परिवार के जीवन और सम्मान पर सीधा आघात है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र हितग्राही को राशन उपलब्ध कराना सरकार की बाध्यता है। विशेष जनजाति वर्ग के संरक्षण हेतु संचालित योजनाओं का लाभ न मिलना गंभीर प्रशासनिक विफलता है। इस प्रकरण में संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी की प्रत्यक्ष जवाबदारी बनती है। यह उनकी प्रशासनिक निगरानी और दायित्व का विषय है। जिम्मेदार पर सवाल उठते है कि किस आधार पर एक जीवित महिला को मृत दर्ज किया गया। सत्यापन की प्रक्रिया कहां विफल हुई। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। यदि किसी की लापरवाही से परिवार भुखमरी और आर्थिक संकट में धकेला गया है तो ऐसे अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई एवं आवश्यक हो तो विधि अनुसार प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। मांग है कि तत्काल रिकॉर्ड सुधार किया जाए। रोकी गई सभी योजनाओं का लाभ एवं बकाया राशि दी जाए।

## यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

मण्डला(स्वतंत्रमत)

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। माहिष्मती घाट एवं संगम घाट, महाराजपुर में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इस अवसर पर सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से मार्ग डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था लागू रहेगी। समस्त श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों से अनुरोध है कि महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करे।

# मोहित बने कांग्रेस प्रदेश महासचिव

मण्डला (स्वतंत्रमत)



आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने टीम का विस्तार किया है। इस विस्तार में जिले के बम्हनी क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता मोहित उइके को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी विभाग के हरीश चौधरी और मप्र आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम की अनुशंसा पर की गई है। मोहित उइके बम्हनी क्षेत्र के ग्राम पीपरटोला से आते हैं तथा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के समर्पित जमीनी कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे हैं। उनका राजनीतिक परिवार भी निरंतर संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आया है। आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई सामाजिक न्याय और संगठन विस्तार में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनकी नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मरावी, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चेन्नसिंह वरकड़े सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस पदाधिकारी तथा समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शव मिलने से फैली अफरा-तफरी

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)



टिकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़ामैली के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस को सूचना मिली कि कूड़ामैली क्षेत्र स्थित एक ढाबे के पीछे किसी अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही टिकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर निवासी एक युवक की गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज किया गया था। उसी मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कूड़ामैली स्थित ढाबे के पीछे एक शव देखा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो आशंका है कि शव उसी युवक है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और ढाबे के कर्मचारियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसके साथ क्या हुआ।

## 16 से शुरू होगा विधानसभा सत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने सभी विभागों को आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अमले को अवगत कराएं तथा प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में तैयार कर उत्तर पोर्टल के माध्यम से ई-उत्तर संबंधित विभाग को भेजें। इसके साथ ही भेजे गए उत्तरों की एक प्रति कार्यालय में भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश के दिनों में भी विधानसभा प्रश्न कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त प्रश्नों को संकलित करने एवं उनके उत्तर जमा कराने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए इन कर्मचारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को मोबाइल चालू रखने, जिला प्रशासन के निरंतर संपर्क में रहने तथा कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अनुमति के बिना अवकाश पर न जाने और मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## अवैध उत्खनन पर ट्रेक्टर पर कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्रमत)

खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियों की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार 14 फरवरी को हिरदेनगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन, वाहन ट्रेक्टर कमांक एमपी51/जेडडी3971 मय ट्राली को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध मप्र खनिज अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

# अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों व सीएमओ ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव के द्वारा के स्वक्ष भारत अभियान के अंतर्गत अनेक स्वछता से सम्बंधित कार्य किये जा रहे हैं। इसी श्रंखला में नगरपालिका नैनपुर द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नवीन मटन मार्केट का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी उपाध्यक्ष श्रीमती संजूलता वैष्णव एंव पार्षद राजाराम शर्मा, श्रीमती सुशीला चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डाक्टर लक्ष्मण सिंह सारस उपयंत्री अभिलाष श्रीवास राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल के द्वारा किया गया। निरीक्षण में दोरान संबंधित ठेकेदार व उपयंत्री को समय अवधि में गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये तत्पश्चात आंगनबाड़ी भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया गया । इस दोरान द्वय ठेकेदारो के द्वारा समय-सीमा में कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

## मिक्सर मशीन में फंसा हाथ

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शहर के आजाद वार्ड क्षेत्र में नकटा नाला निर्माण कार्य के दौरान शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया निर्माण स्थल पर काम कर रहे एक मजदूर का हाथ अचानक मिक्सर मशीन में फंस गया जिससे उसका पंजा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ऑयलिंग के दौरान हुआ हादसा प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मजदूर मशीन की ऑयलिंग कर रहा था इसी दौरान मशीन अचानक चालू हो गई और उसका हाथ अंदर खिंच गया मजदूर करीब आधे घंटे तक मशीन में फंसा रहा सहकर्मियों ने तुरंत मशीन बंद कर उसे बाहर निकालने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उसे मुक्त कराया घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस बुलाई गई और घायल मजदूर को तत्काल मंडला के जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।



## सरजू तिवारी लघु वनोपज कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नियुक्त

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरजू प्रसाद तिवारी को लघु वनोपज कांग्रेस प्रकोष्ठ का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर नगर व जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। आपके द्वारा कहा गया पूर्ण निष्ठा के कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करें ।


**न्यायालय तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला**

क्रमांक / तह. / प्रवा. / 2026 / ष्मण्डला दिनांक 12/2/2026
प्र.क. ...... (अ-20(3)2025/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम उमरिया तहसील नैनपुर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है, कि ग्राम उमरिया प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. नैनपुर में स्थित भूमि ख.नं. 243/1 रकवा क्रमशः 8.043 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में मद भूमि आवंटन हेतु आवेदन दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि को आवेदक विभाग/संस्था नगर पालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/02/2026 को दिन के 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**तहसीलदार नैनपुर**

**न्यायालय तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला**

क्रमांक / तह. / प्रवा. / 2026 / मण्डला दिनांक 12/2/2026
प्र.क. 019 (अ-20(3)2025/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम उमरिया तहसील नैनपुर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है, कि ग्राम उमरिया प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. नैनपुर में स्थित भूमि ख.नं. 198 रकवा क्रमशः 2.5330 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में मद भूमि आवंटन हेतु आवेदन दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि को आवेदक विभाग/संस्था नगर पालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/02/2026 को दिन के 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**तहसीलदार नैनपुर**




**ज्योतिष गणना के अनुसार, महाशिवरात्रि पर 5 राजयोग और 10 शुभ योग रहने वाले हैं। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति एक साथ कई शुभ योगों का निर्माण कर रही है। महाशिवरात्रि के दिन बुध-सूर्य की युति से बुधादित्य राजयोग रहेगा। बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग रहेगा।**

### 300 साल बाद 5 राजयोग और 10 शुभ योगों में मनेगी महाशिवरात्रि

# ॐ नमो भगवते रुद्राय नमः



महाशिवरात्रि 2026 इस बार बेहद खास रहने वाली है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, 15 फरवरी को ग्रह-नक्षत्रों का दुर्लभ महासंयोग बन रहा है। इस दिन सूर्य, बुध और शुक्र का त्रिग्रही योग बनेगा, वहीं भगवान शिव को अतिप्रिय श्रवण नक्षत्र का भी संयोग रहेगा। इसके साथ ही व्यतिपात, वरियान, ध्रुव और राजयोग का एक साथ बनना इस महाशिवरात्रि को और भी अत्यंत फलदायी और विशेष बना रहा है। इस बार महाशिवरात्रि पर ग्रह नक्षत्रों का अद्भुत संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार करीब 300 साल बाद महाशिवरात्रि पर 5 राजयोग और 10 शुभ योगों का शुभ योग बन रहा है।

## शिवलिंग का हुआ था प्रादुर्भाव

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस दिन ही सृष्टि में भगवान शिव का शिवलिंग स्वरूप में प्रादुर्भाव हुआ था। इसके अलावा एक मान्यता यह भी है कि इस दिन ही भगवान शिव माता पार्वती के साथ सात जन्मों के बंधन में बंधे थे। इसलिए इस दिन का खासा महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इस दिन जो भी भक्त व्रत रखता है और चार पहर भगवान शिव की पूजा-आराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## सनातन धर्म के अनुसार

इस व्रत को जो जन करता है, उसे सभी भोगों की प्राप्ति के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह व्रत सभी पापों का क्षय करने वाला है। इस व्रत को लगातार 14 वर्षों तक करने के बाद विधि-विधान के अनुसार इसका उद्यापन करना चाहिए।

## इस तरह लें व्रत का संकल्प

व्रत का संकल्प सम्वत, नाम, मास, पक्ष, तिथि-नक्षत्र, अपने नाम व गोत्रादि का उच्चारण करते हुए करना चाहिए। महाशिवरात्रि के व्रत का संकल्प करने के लिए हाथ में जल, चावल, पुष्प सामग्री लेकर शिवलिंग पर छोड़ दी जाती है।

## विधि-विधान से करें व्रत का संकल्प

महाशिवरात्रि व्रत को रखने वाले जन को उपवास के पूरे दिन भगवान भोलेनाथ का ही ध्यान किया जाता है। प्रात: स्नान करने के बाद भस्म का तिलक कर रुद्राक्ष की माला धारण की जाती है। इसके ईशान कोण दिशा की ओर मुख कर शिव का पूजन धूप, पुष्पादि व अन्य पूजन सामग्री से करना चाहिए। इस व्रत में चारों पहर में पूजन किया जाता है। प्रत्येक पहर की पूजा में ॐ नम: शिवाय व शिवाय नम: का जाप करते रहना चाहिए। अगर शिव मंदिर में यह जाप करना संभव न हो तो घर की पूर्व दिशा में, किसी शांत स्थान पर जाकर इस मंत्र का जाप किया जा सकता है। चारों पहर में किए जाने वाले इन मंत्र जापों से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

## पूजन सामग्री

उपवास की पूजन सामग्री में जिन वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है, उनमें पंचामृत (गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद), सुगंधित फूल, शुद्ध वस्त्र, बिल्वपत्र, धूप, दीप, नैवेद्य, चंदन का लेप, ऋतुफल आदि हैं।

## ऐसे करें अभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन शिव अभिषेक करने के लिए सबसे पहले मिट्टी का बर्तन लेकर उसमें पानी भरकर, पानी में बिल्वपत्र, आर्क-धतूरे के पुष्प, चावल आदि डालकर शिवलिंग को अर्पित किए जाते हैं।

## रुद्राभिषेक का मिलता है विशेष फल

इस दिन जो भी भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करता है, उसे विशेष फल की प्राप्ति होती है। इसके अलावा दशोपचार, पंचोपचार और षोड्शोपचार विधि से भी शिवलिंग की पूजा से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है और मनुष्य के वैवाहिक कष्ट भी दूर होतें है। इसके अलावा जिनका विवाह नहीं होता, इस दिन व्रत से उनके विवाह संबधी बाधाएं भी दूर हो जाती है। पूजा के दौरान कम से कम 108 बार ॐ नम: शिवाय का जाप करें। अगर समय हो तो शिव चालीसा या रुद्राष्टक का पाठ भी कर सकते हैं।

## भाग्यवृद्धि के लिए

किसी गहरे पात्र में पारद शिवलिंग स्थापित करें। पात्र को सफेद वस्त्र पर स्थापित करें। ह्रिं नम: शिवाय ह्रिं मंत्र का ठीक आधे घंटे तक जाप करते हुए जलधारा पारद शिवलिंग पर अर्पित करें। अर्पित जल को बाद में किसी पवित्र वृक्ष की जड़ में डाल दें। शिवलिंग पूजा स्थान में स्थापित करें और नित्य नियम से मंत्र का जाप करें।



## शिवपुराण के अनुसार

### अनाज चढ़ाने का फल

- शिवजी को चावल चढ़ाने से धन की प्राप्ति होती है।
- तिल चढ़ाने से पापों का नाश हो जाता है।
- जौ अर्पित करने से सुख में वृद्धि होती है।
- गेहूं चढ़ाने से संतान वृद्धि होती है।

***यह सभी अन्न भगवान को अर्पण करने के बाद गरीबों में वितरित कर देना चाहिए।***

### जलधारा का फल

- बुखार होने पर भगवान शिव को जलधारा चढ़ाने से शीघ्र लाभ मिलता है। सुख व संतान की वृद्धि के लिए भी जलधारा द्वारा शिव की पूजा उत्तम बताई गई है।
- व्यक्ति अगर घी से भगवान शिव का अभिषेक करे, ब्राह्मणों को भोजन कराए तथा सोमवार का व्रत करे तो उसकी हर समस्या का निदान संभव है।

## द्रिक पंचांग के अनुसार

महाशिवरात्रि के दिन एक दुर्लभ ग्रह संयोग बन रहा है। दोपहर के समय ग्रहों के सेनापति मंगल धनिष्ठा नक्षत्र में गोचर करेंगे, वहीं चंद्रमा मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा रात करीब 9 बजे बुद्धि और व्यापार के कारक बुध ग्रह पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे। ज्योतिषियों का मानना है कि एक ही दिन तीन प्रमुख ग्रहों की चाल बदलना अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है।

## महाशिवरात्रि तिथि 2026

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 15 फरवरी, रविवार के दिन शाम को 5 बजकर 4 मिनट पर होगा, वहीं अगले दिन यानी 16 फरवरी, सोमवार को शाम के 5 बजकर 34 मिनट चतुर्दशी तिथि समाप्त होगी। ऐसे में महाशिवरात्रि का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा।

## चार पहर पूजन मुहूर्त

### प्रथम प्रहर पूजन का समय

15 फरवरी को शाम 6 बजकर 11 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 22 मिनट तक रहेगा।

### दूसरा प्रहर पूजा का समय

15 फरवरी की रात 9 बजकर 23 मिनट से लेकर 16 फरवरी की रात 12 बजकर 34 मिनट तक रहेगा।

### तीसरा प्रहर पूजा का समय

16 फरवरी की रात 12 बजकर 35 मिनट से लेकर सुबह 3. 46 मिनट तक रहेगा।

### चौथा प्रहर पूजा का समय

16 फरवरी को सुबह 3 बजकर 46 मिनट से लेकर सुबह 6.59 मिनट तक रहेगा।

**निशिथ काल का पूजा का समय**-16 फरवरी की रात 12 बजकर 9 मिनट से लेकर 1 बजकर 1 मिनट तक।

## राशि अनुसार अभिषेक

महाशिवरात्रि पर विभिन्न राशियों के लोग निम्न वस्तुओं से अभिषेक कर मनवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं।

मेष- गन्ने का रस, वृषभ- दूध, मिथुन गन्ने का रस, कर्क- देसी घी, सिंह-चीनी घोल, कन्या- गंगाजल, तुला- देसी घी, वृश्चिक-पंचामृत, धनु- चंदन, मकर- नारियल पानी, कुंभ तेल, मीन-केसर दूध।

## मौत भी दूर भागती है इस मंत्र से

यदि कोई व्यक्ति गंभीर हो तो महाशिवरात्रि के दिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप करेंगे तो साधक निरोगी होगा, साथ ही पितृदोष, वास्तुदोष, कालसर्प दोष, शनि की साढ़ेसाती, ढैया आदि के दुष्प्रभाव कम होंगे।

**महामृत्युंजय मंत्र**

ॐ त्रयम्बकं यजामहे सुगंधिम
पुष्टिवर्धनम उर्वारुकमिव बन्धनान
मृत्योर्मुक्षीयमा मृतात।

## जलाभिषेक का मुहूर्त


इस बार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए दिनभर कई शुभ मुहूर्त मिलेंगे, जिनमें भक्त पूजा-अर्चना कर सकते हैं।

**पहला मुहूर्त**-सुबह 8 बजकर 24 मिनट से शुरू होकर 9 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।

**दूसरा मुहूर्त**-सुबह 9 बजकर 48 मिनट से 11 बजकर 11 मिनट तक का रहेगा।

**तीसरा मुहूर्त**-अमृत सर्वोत्तम मुहूर्त रहेगा, सुबह 11.11 मिनट से 12.35 मिनट तक रहेगा

**संध्याकाल**- अभिषेकजो श्रद्धालु शाम को पूजा करना चाहते हैं, वे 6.11 मिनट से 7.47 मिनट के बीच अभिषेक कर सकते हैं।



## होगी मनोवांछित फल की प्राप्ति

| पदार्थ | लाभ |
|---|---|
| गंगाजल | मानसिक शांति। |
| गाय का दूध | अभिलाषा की पूर्ति। |
| दही | परिजनों का स्नेह। |
| गाय का घी | मोक्ष की प्राप्ति। |
| सरसों का तेल | शत्रु का नाश। |
| गन्ने का रस | धन की प्राप्ति। |
| कुशायुक्त जल | व्याधि की शांति |

## बिल्वपत्र चढ़ाने से तीन जन्मों के कष्ट होते हैं दूर



माना जाता है कि इस दिन शिव के पूजन-अर्चन से भक्तों पर उनकी विशेष कृपा होती है। इस दिन शिवजी को पूजन के समय बिल्वपत्र विशेष रूप से अर्पित किए जाते हैं, क्योंकि बिल्वाष्टक के अनुसार बिल्वपत्र में तीन पत्र, यानी तीन पत्ते होते हैं, जो तीन शक्तियों, मतलब त्रिदेवों का स्वरूप होते हैं। ऐसी मान्यता है कि शिव को बिल्वपत्र चढ़ाने से तीन जन्मों के आर्थिक, शारीरिक और मानसिक कष्ट नष्ट होते हैं।

## ग्रहदोष निवारण के लिए

किस ग्रह के कारण बाधाएं जीवन में आ रही हैं तो उसके चारों ओर सुगंधित पुष्पमाला चढ़ाना चाहिए। महाशिवरात्रि पर सूर्योदय से पूर्व ग्रह से संबंधित अनाज रखकर आएं। जिस चौराहे पर वर्षा ऋतु में जल का भराव हो जाता हो, उस चौराहे पर उपाय नहीं करने चाहिए। वहां अभीष्ट फल की प्राप्ति नहीं होती।

# महाशिवरात्रि व्रत से विवाह में आ रही बाधा से मिलता छुटकारा

आरएन तिवारी

देश भर में महाशिवरात्रि को एक महोत्सव के रुप में मनाया जाता है क्योंकि इस दिन देवों के देव महादेव का विवाह हुआ था। हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह जगत में रहते हुए मनुष्य का कल्याण करने वाला व्रत है। पौराणिक कथा के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए हर वर्ष फाल्गुन माह की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। इस खास अवसर पर देशभर में शिव मंदिरों में महादेव की पूजा विशेष पूजा-अर्चना होती है। साथ ही महाभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर शिव जी की उपासना और व्रत करने से विवाह में आ रही बाधा से भी छुटकारा मिलता है और जल्द विवाह के योग बनते हैं। हमारे प्राचीन धर्म ग्रन्थों के अनुसार महाशिवरात्रि मनाने के तीन मुख्य कारण बताए गए हैं। पहला- यह शिव और पार्वती के मिलन की रात्रि है। जो सत्य का संदेश देता है। दूसरा- इसी दिन शिवजी ने अपने को शिवलिंग के रूप में प्रकट किया था। जो शिव अर्थात कल्याण का संदेश देता है। और तीसरा- समुद्र मंथन से निकले हुए कालकूट नामक विष का पान करके इस सुंदर सृष्टि की रक्षा की थी और स्वयम भी नीलकंठ कहलाए थे। जो सुंदरम का संदेश देता है।

हमारे शिव जी सत्यम शिवम सुंदरम के प्रतीक हैं।

शंकर जी सत रज और तम इन तीनों गुणों के स्वामी भी है। संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य उपन्यासकार श्री बाणभट्ट ने अपनी प्रसिद्ध रचना कादम्बरी में मंगलाचरण के अंतर्गत शिवजी की स्तुति करते हुए कहते हैं-

रजोजुषे जन्मनि सत्ववृत्तये
स्थितौ प्रजानां प्रलये तम:स्पृशे।
अजाय सर्गस्थितिनाशहेतवे
त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नम: ॥

भोले बाबा इस संसार को संतुलित रखते हैं। इनकी कृपा से मौत भी टल जाती है। इसलिए हमारे सनातन धर्म में शिवजी को सबसे बड़ा आराध्य माना गया है। शिव में से ई हटा देने पर केवल शव बचता है जिसका अर्थ होता है मुर्दा, इस ई शक्ति से ही शिवजी शव में शक्ति का संचार करते हैं और शव भी शिव हो जाता है। इसीलिए किसी गंभीर बीमारी में महामृत्युंजय का जप किया जाता है।

ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥

इस मंत्र का अर्थ है कि हम भगवान शिवजी की पूजा करते हैं, जिनके तीन नेत्र हैं, जो सुगंधित हैं और हमारा पालन-पोषण करते हैं। जैसे फल शाखा के बंधन से मुक्त हो जाता है वैसे ही हम भी मृत्यु और नश्वरता से मुक्त हो जाएं।

इस दिन स्नान ध्यान करके व्रत रखना चाहिए शिवालय में जाकर शिवलिंग पर जल चढाना चाहिए, रात में दूध दहि घी शक्कर और शहद से अभिषेक करके भंग धतूरा और विल्वपत्र चढ़ाकर रात्रि जागरण करते हुए शिव भजन या शिव चर्चा करनी चाहिए।

तो आइए, इस परम पवित्र शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवजी को प्रसन्न करने के लिए शिवपंचाक्षर स्तोत्र का गायन करें।

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय
भास्माङगारागाया महेश्वराय
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय
तस्मै न कराय नम: शिवाय
मंदाकिनी सलिलचन्दन चर्चिताय
नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय
मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय
तस्मै म काराय नम: शिवाय
शिवाय गौरिवदनाब्जवृन्द
सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय
श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय
तस्मै शि काराय नम: शिवाय
वसिष्ठकुम्भोद्भवगौतमार्य
मुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय
चन्द्रार्क वैश्वानरलोचनाय
तस्मै व काराय नम: शिवाय
यक्षस्वरूपाय जटाधराय
पिनाकहस्ताय सनातनाय
दिव्याय देवाय दिगम्बराय
तस्मै य काराय नम: शिवाय
पञ्चाक्षरमिदं पुण्यं य: पठेच्छिवसन्निधौ ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते ॥

# तर्पण, श्राद्ध और ग्रह शांति के लिए फाल्गुन अमावस्या

**फाल्गुन अमावस्या मंगलवार, 17 फरवरी**

हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को बेहद पवित्र और फलदायी माना गया है। यह तिथि मुख्य रूप से पितरों को समर्पित होती है। मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितर पृथ्वी पर आते हैं और अपने वंशजों से तर्पण, पिंडदान और श्रद्धा की अपेक्षा करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किए गए स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। फाल्गुन मास की अमावस्या तो और भी खास मानी जाती है, क्योंकि यह साल के अंतिम अमावस्या पर्वों में से एक होती है।

## पंचांग के अनुसार

फाल्गुन मास की अमावस्या तिथि 16 फरवरी 2026, सोमवार की शाम 05.34 बजे से शुरू होकर 17 फरवरी 2026, मंगलवार की शाम 05.30 बजे तक रहेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उदया तिथि का महत्व अधिक होता है, इसलिए फाल्गुन अमावस्या का व्रत, स्नान-दान और पूजा-पाठ 17 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## सनातन धर्म के अनुसार

हिंदू शास्त्रों के अनुसार फाल्गुन अमावस्या पितरों की पूजा के लिए सर्वोत्तम दिन माना गया है। इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से तर्पण और पिंडदान करने पर पितर प्रसन्न होते हैं और परिवार को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इसके साथ ही इस दिन पीपल के वृक्ष की पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि पीपल में भगवान विष्णु, शिव और ब्रह्मा का वास होता है। अमावस्या के दिन पीपल की जड़ में जल चढ़ाने और दीपक जलाने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

## विधि-विधान से करें पूजन

फाल्गुन अमावस्या के दिन किसी पवित्र नदी, सरोवर या कुंड में स्नान करना श्रेष्ठ माना जाता है। यदि यह संभव न हो तो घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। स्नान के बाद साफ वस्त्र धारण करें और सूर्यदेव को अर्घ्य देकर प्रणाम करें। इसके बाद भगवान गणेश का ध्यान करें और उनके मंत्रों का जाप करें, ताकि पूजा में कोई विघ्न न आए। फिर भगवान विष्णु और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करें और व्रत का संकल्प लें।

## मान्यता है कि

घर में गोमूत्र का छिड़काव करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इसके बाद अपने पूर्वजों के लिए तर्पण करें। तर्पण के समय जल में काले तिल, कुश और चावल मिलाकर पितरों का स्मरण करें। तर्पण के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराएं और दान-दक्षिणा दें। इससे पितरों को शांति मिलती है।

## स्नान-दान का धार्मिक महत्व

फाल्गुन अमावस्या पर किया गया स्नान और दान विशेष पुण्य देने वाला माना गया है। इस दिन अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़, घी और धन का दान करने से न केवल पितर प्रसन्न होते हैं, बल्कि व्यक्ति को भी शुभ फल प्राप्त होते हैं। धार्मिक मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितर सूर्यास्त तक घर के द्वार पर वायु रूप में उपस्थित रहते हैं और अपने वंशजों द्वारा किए गए कर्मों को देखते हैं।

## नक्षत्र और योग

**नक्षत्र**-धनिष्ठा नक्षत्र रात 09 बजकर 20 मिनट तक, उसके बाद शतभिषा नक्षत्र प्रारंभ

**योग**-परिघ योग रात 12 बजकर 43 मिनट तक, उसके बाद शिव योग प्रारंभ होगा

## इस दिन नहीं करें ये काम

- फाल्गुन अमावस्या के दिन बाल, नाखून और दाढ़ी काटना वर्जित है।
- इस दिन गंदे और पुराने वस्त्रों के त्याग के साथ साफ कपड़े पहनें।
- किसी भी व्यक्ति से वाद-विवाद या अपशब्दों का प्रयोग न करें।
- फाल्गुन अमावस्या पर तामसिक भोजन और नशीले पदार्थों का सेवन पूरी तरह वर्जित है।

# आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है महाशिवरात्रि

रमेश सर्राफ धमोरा

हिंदू धर्म में सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है। इस दिन सभी शिव मंदिरों में भीड़-भाड़ का माहौल रहता है। महाशिवरात्रि के दिन सभी भक्त महादेव की कृपा पाने के लिए विधिवत पूजा-पाठ करते हैं। पंचांग के अनुसार शिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।

योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है।

माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं।

पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया।



संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अत: उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये।

एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया।

प्रात: होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अत: शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा।

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।

महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है। हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

# असम में हाईवे पर इमरजेंसी रनवे, भारत का दमखम देख चीन हो जाएगा बेचैन

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम दौरे पर हैं। इस दौरान डिब्रूगढ़–मोरान इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर किसी भी प्रधानमंत्री का विमान पहली बार उतरा। इसके महत्व के पीछे चीन का फैक्टर भी है।



इमरजेंसी के दौरान इस पर इंडियन एयर फोर्स के फ्रंटलाइन फाइटर जेट और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को उतारा जा सकता है। इस इलाके के दक्षिण–पूर्व में भारत खास तौर पर कमजोर है। ऐसे में समझते हैं इसकी अहमियत।

लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर चीन से मुकाबला करने के लिए भारतीय वायुसेना के कई बेस हैं। दूसरा राफेल स्क्वाड्रन बंगाल के उत्तर और भूटान के दक्षिण में हाशिमारा में है। इसीलिए डोकलाम संकट के दौरान भारत तैयार था कि अगर चीन की तरफ से पास आने की कोई कोशिश हुई तो वे इस इलाके को ब्लॉक करने की कोशिश करेंगे।

दूसरे बेस तेजपुर, जोरहाट और चबुआ में हैं। चीन की तरफ कम से कम सात एयर बेस हैं। युद्ध की स्थिति में भारत के एयरबेस टारगेट बन जाएंगे, इसीलिए भारत को दूसरी जगहों की जरूरत है जहां फाइटर जेट तैनात किए जा सकें।

पार्क किए गए फाइटर जेट जमीन पर हमले के लिए बहुत कमजोर होते हैं। यहीं पर इमरजेंसी लैंडिंग की सुविधा काम आती है। श्वस्त्र को मजबूत बनाया गया है और यह लैंडिंग के लिए काफी लंबा और चौड़ा है। इस्तेमाल से पहले हाईवे को ट्रैफिक के लिए सील कर दिया जाएगा और सैनिक इलाके को सुरक्षित कर लेंगे।

यहां उतरने वाले एयरक्राफ्ट में जल्दी से फ्यूल भरा जा सकता है और उन्हें फिर से हथियारबंद किया जा सकता है। सिर्फ लड़ाई के लिए ही नहीं, बल्कि ईएलएफ का इस्तेमाल इंसानी काम के लिए भी किया जा सकता है।

आज सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सी–130जे एयरक्राफ्ट में सवार होकर नॉर्थ–ईस्ट के पहले ईएलएफ पर ऐतिहासिक लैंडिंग की। पीएम मोदी ने चाबुआ एयरफील्ड से उड़ान भरी थी और मोरन में ईएलएफ पर उतरे।

## अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की मौत

वांशिंगटन, (वार्ता/स्पूतनिक) अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर–दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अखबार स्काई–हाई न्यूज़ ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है।

दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उड़ान सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि उसने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# राजा आओ, देश बचाओ! पूर्व नरेश के समर्थकों ने की नेपाल में राजशाही बहाली की मांग

नई दिल्ली

नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच काठमांडू हवाई अड्डे पर उतरे। उनके आगमन पर सैकड़ों समर्थक हवाई अड्डे पर जमा हो गए और राजशाही बहाली की मांग करने लगे।



समर्थक तख्तियां लिए नारे लगा रहे थे, हम अपने राष्ट्र को बचाने के लिए नरेश को वापस चाहते हैं। नेपाल ने 2008 में राजशाही को समाप्त कर दिया था, लेकिन आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के बीच पिछले साल राजशाही समर्थक प्रदर्शन फिर से शुरू हो गए।

राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के कार्यकर्ता, जिनका नेतृत्व वरिष्ठ नेता कमल थापा कर रहे हैं, और नवराज सुबेदी और चिकित्सक दुर्गा प्रसाई के नेतृत्व में समर्थक शुक्रवार सुबह से ही हवाई अड्डे के पास जमा थे। काठमांडू में एक प्रेस वार्ता में गुरुवार को प्रसाई ने कहा था कि वे मार्च में होने वाले आम चुनाव से पहले राजतंत्र बहाल करना चाहते हैं।

राजशाही के सपोर्ट में प्रदर्शन करने वाले लोग राजा, आओ और देश बचाओ के नारे लगा रहे थे। जब ज्ञानेंद्र नेपाल के पूर्वी इलाके में तीन महीने की छुट्टी के बाद अपने घर पहुंचे, तो उन्होंने फूलों के गुलदस्ते चढ़ाए और राष्ट्रीय झंडा लहराया। ज्ञानेंद्र के सपोर्टर सनातन प्रसाद रेगमी ने कहा, हमें राजशाही को फिर से लाना होगा क्योंकि राजा सभी नेपाली लोगों का ख्याल रखने वाला रखवाला हो सकता है, जो कई भ्रष्ट नेता करने में नाकाम रहे हैं।

## देहरादून में कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन कल

हरिद्वार (वार्ता)

कांग्रेस ने 16 फरवरी को देहरादून में प्रस्तावित हल्ला बोल प्रदर्शन को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। रुड़की में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार की नीतियों और कानून व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं, बेरोजगारी और अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय न मिलने से जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में गुंडाराज हावी है और सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उनका कहना था कि अब भाजपा के पाप का घड़ा भर चुका है और जनता इसका जवाब देगी। प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि शासन के पास वही अधिकारी हैं, लेकिन सरकार उनसे काम लेने में असमर्थ है। बेरोजगारी चरम पर है और युवा सड़कों पर संघर्ष कर रहा है। अंकिता भंडारी मामले में सीबीआई जांच पर भी सवाल उठाते हुऐ कहा कि जांच में झोल नजर आ रहा है, जिससे जनता का भरोसा कमजोर हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से 16 फरवरी को देहरादून पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की।

# मुलुंड में मेट्रो पिलर का हिस्सा गिरने से कई वाहन चपेट में, चार लोग घायल

नई दिल्ली

उत्तर–पूर्वी मुंबई के मुलुंड इलाके में आज एक बड़ा हादसा हो गया, जहां निर्माणाधीन मेट्रो रेल के पिलर का एक हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर गया। जिसके नीचे कई गाड़ियां दब गई हैं। हादसे में 4 लोगों के घायल होने की खबर है।



फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार दोपहर को नॉर्थ–ईस्ट मुंबई के मुलुंड में एक अंडर–कंस्ट्रक्शन मेट्रो रेल रूट के पिलर का एक हिस्सा गिरने से तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12=20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के सामने एलबीएस रोड पर हुई।

उन्होंने कहा, पिलर का एक सीमेंट स्लैब टूटकर नीचे एक ऑटोरिक्शा पर गिर गया, जिससे थ्री–व्हीलर (ऑटोरिक्शा) पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। इस घटना में तीन से चार लोगों के घायल होने की आशंका है। फायर ब्रिगेड और पुलिस के लोग, साथ ही मेट्रो रेल रूट (लाइन 4) बनाने वाली फर्म के कर्मचारी घटना के बाद के ऑपरेशन पर नजर रखने के लिए मौके पर हैं। हादसे को लेकर बीएमसी का कहना है, आज दोपहर 12.20 बजे जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी, [illegible] रोड, मुलुंड के पास मेट्रो पिलर का एक हिस्सा गिर गया। कंस्ट्रक्शन के दौरान, सीमेंट मेट्रो पिलर का एक हिस्सा टूटकर एक रिक्शा पर गिर गया। मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, मेट्रो स्टाफ, वार्ड स्टाफ और 108 एम्बुलेंस सर्विस मौके पर मौजूद हैं। डिटेल्स का इंतजार है।

## राजाजी नेशनल पार्क : टाइगर जोन में भटके पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला

**ऋषिकेश, (वार्ता)।** उत्तराखंड में ऋषिकेश के कोतवाली लक्ष्मणझूला क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के जंगल में रास्ता भटक गए पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। सभी श्रद्धालु नीलकंठ महादेव मंदिर से दर्शन कर लौटते समय घने जंगल में भटक गए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार डायल–112 पर सूचना मिली कि दर्शन कर लौट रहे कुछ लोग रास्ता भटक गए हैं और चारों ओर जंगल होने से घबराए हुए हैं। फोन संपर्क और लोकेशन ट्रैक करने पर उनकी स्थिति राजाजी नेशनल पार्क के कोर एरिया टाइगर जोन में विंध्यवासिनी मंदिर से करीब छह किलोमीटर दूर महादेव पानी क्षेत्र में पाई गई। लोकेशन मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कठिन परिस्थितियों में तलाश एवं बचाव अभियान चलाया। अथक प्रयासों के बाद सूचना देने वाले व्यक्ति सहित उसके चार अन्य साथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।जंगल से सुरक्षित बाहर निकाले गए सभी युवक पानीपत जिले के जुरासी खालसा गांव के निवासी बताए गए हैं, जो हरियाणा से उत्तराखंड दर्शन के लिए आए थे। बचाव अभियान में पुलिस टीम के साथ वन विभाग के कर्मचारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सभी श्रद्धालुओं को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी कि शंकराचार्य कौन होगा : अविमुक्तेश्वरानंद

वाराणसी, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण–पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा, जबकि देश में ऐसी कोई विधिक व्यवस्था नहीं है कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी को शंकराचार्य घोषित कर दे। उन्होंने इसे आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर यानी विधानसभा में इस प्रकार की टिप्पणी उचित नहीं है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब भारतीय जनता पार्टी या उत्तर प्रदेश सरकार यह तय करेगी कि शंकराचार्य कौन होगा।उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिन वासुदेवानंद जी को शंकराचार्य कहा जा रहा है, उन्हें लेकर न्यायालयों में आपत्तियां दर्ज हैं। उनके अनुसार उच्चतम न्यायालय और निचली अदालतों ने संबंधित व्यक्ति को स्वयं को शंकराचार्य के रूप में प्रस्तुत करने से रोका है, इसके बावजूद उन्हें यह पदवी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन्हें परंपरागत मान्यता प्राप्त है, उन्हें शंकराचार्य नहीं माना जा रहा, जो कि धार्मिक क्षेत्र में हस्तक्षेप का संकेत है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर पद के अहंकार का आरोप भी लगाया।



कुंभ और माघ मेले में स्नान पर उठे विवाद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य अनादि काल से मर्यादा के अनुसार स्नान करते आए हैं और कभी भगदड़ की शिकायत नहीं रही। उन्होंने प्रश्न किया कि इसी बार इनके समय में भगदड़ की आशंका कैसे उत्पन्न हो गई। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए बयान के बाद यह विवाद राजनीतिक और धार्मिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस, बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद की

**जम्मू, (वार्ता)।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सद्गुरु के 33वें ईशा महाशिवरात्रि उत्सव में शमिल होंगे

मुंबई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और रहस्यवादी सद्गुरु के मार्गदर्शन में 15 फरवरी 2026 को ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि के समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना और प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री एल मुरुगन भी शामिल होंगे। रात भर चलने वाला यह उत्सव भक्ति, संगीत और ध्यान को एक साथ लाएगा और उम्मीद है कि यह 100 से ज़्यादा टीवी चैनलों और 23 भारतीय और विदेशी भाषाओं में डिजिटल स्ट्रीम पर लाइव ब्रॉडकास्ट के ज़रिए दुनिया भर में 140 मिलियन से ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचेगा। समारोह ध्यानलिंग पर पंचभूत क्रिया से शुरू होता है जो पांच तत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) का सम्मान करने वाली एक शक्तिशाली शुद्धिकरण प्रक्रिया है। फिर रात भर चलने वाले इस उत्सव की अगुआई लिंग भैरवी महायात्रा करेगी, जो दिव्य स्त्रीत्व का उत्सव मनाने वाली एक बड़ी शोभा–यात्रा है। रात में संगीत की कई प्रस्तुतियां होंगी, जो पुराने और आज के ज़माने को साथ लाएंगी। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हैं. आदित्य गढ़वी जो गुजराती फोक की अपरिष्कृत, दिल को छू लेने वाली ऊर्जा लाएंगे और प्रशांत सोनागरा और उनकी टीम एक ज़बरदस्त पारंपरिक और फोक ड्रम का मिलन कराएगीए जबकि ईशा का अपना ग्रुप, साउंड्स ऑफ़ ईशा, स्वरूप खान, ब्लेज़ और पैराडॉक्स के साथ–साथ कलाकार स्वागत राठौड़ और पृथ्वी गंधर्व के साथ लोक और आज के जमाने के संगीत की शक्तिशाली प्रस्तुतियां देंगे। इस महाशिवरात्रि पर पहली बार सद्गुरु स्वयं योगेश्वर लिंग महा अभिषेकम करेंगे यह एक नि:शुल्क पवित्र रस्म है जिससे दुनिया भर के भक्तों को इस पवित्र जीवंत ऊर्जा रूप से जुड़ने का मौका मिलेगा।



## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## सलमान खान स्टारर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का गाना 'मैं हूं' हुआ रिलीज़

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का गाना 'मैं हूं' रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूँ पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिंह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा,मैं हूँ एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हँसी–खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिंदगी के उतार–चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमोशनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है।



अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वहीं, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

## फरहान अख्तर बीटल्स की जीवनी पर आधारित फिल्म में सितार वादक पंडित रवि शंकर का किरदार निभाएंगे



निर्देशक सैम मेंडेस की महत्वाकांक्षी परियोजना %द बीटल्स= ए फोर–फिल्म सिनेमैटिक इवेंट में फरहान अख्तर दिग्गज भारतीय संगीतकार और भारत रत्न से सम्मानित पंडित रवि शंकर का किरदार निभाने जा रहे हैं। वैरायटी के अनुसार, प्रतिष्ठित ब्रिटिश बैंड के जीवन पर आधारित चार भागों की इस जीवनी श्रृंखला का निर्माण ब्रिटेन में आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुका है और सोनी पिक्चर्स के बैनर तले अप्रैल 2028 में इसे विश्व स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

अख्तर, जेन एशर के रूप में लूसी बॉयटन, सिंथिया लेनन के रूप में मॉर्फिड क्लार्क और स्टुअर्ट सटक्लिफ के रूप में हैरी लॉटी सहित अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की टोली में शामिल हो रहे हैं। यह श्रृंखला द बीटल्स के जीवन पर आधारित होगी, जिसमें प्रत्येक फिल्म बैंड के एक अलग सदस्य पर केंद्रित होगी। ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा, भाग मिल्खा भाग, द स्काई इज़ पिंक जैसी फिल्मों के साथ–साथ मार्वल की मिस मार्वल और 120 बहादुर में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अख्तर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सितार वादक शंकर का किरदार निभाएंगे, जिनका जॉर्ज हैरिसन के साथ एक घनिष्ठ संगीतमय संबंध रहा था। मुख्य कलाकारों में जॉन लेनन के रूप में हैरिस डिकिंसन, पॉल मैककार्टनी के रूप में पॉल मेस्कल, जॉर्ज हैरिसन के रूप में जोसेफ क्विन और रिंगो स्टार के रूप में बैरी केओघन शामिल हैं। अन्य कलाकारों में लिंडा मैककार्टनी के रूप में साओर्से रोनन, ब्रायन एपस्टीन के रूप में जेम्स नॉर्टन, योको ओनो के रूप में अन्ना सवाई, पैटी बॉयड के रूप में एमी लू वुड, जॉर्ज मार्टिन के रूप में हैरी लॉयड और मौरीन स्टार्की के रूप में मिया मैककेना–ब्रूस शामिल हैं।

## साई पल्लवी निभाएंगी भारत रत्न विजेता एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की भूमिका

भारत रत्न से सम्मानित और कर्नाटक संगीत की दिग्गज हस्ती एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी के जीवन पर आधारित फिल्म की गति अब जोर पकड़ रही है। इस फिल्म में साई पल्लवी के महान गायिका की भूमिका निभाने की पूरी संभावना बन रही है। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता गौतम तिन्नानुरी इस फिल्म बनाएंगे। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि साई पल्लवी ने अपने करियर की इस सबसे बड़ी चुनौती की तैयारी के लिए कर्नाटक संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जहां गौतम इस विषय पर अपना शोध पूरा कर रहे हैं, वहीं साई पल्लवी महान गायिका को करीब से जानने के लिए उनसे जुड़ी हर उपलब्ध फुटेज देख रही हैं।फिल्म पर काम इस वर्ष के अंत तक शुरू होने की संभावना है।



## नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फ़िल्म %रामायण% भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल–रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूज़िक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे–जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बतायायहाँ मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहाँ भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नहीं थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी।उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है। इस बात ने मुझे बहुत परेशान किया। मुझे लगा कि हमें कुछ ऐसा पेश करना चाहिए जो दुनिया को दिखाए कि हम असल में कौन हैं, हमारी जड़ें कहाँ हैं, और हमारी संस्कृति और इतिहास कितना समृद्ध है और वो भी ऐसे अंदाज़ में जैसा दुनिया ने पहले कभी न देखा हो।यही वजह बनी कि क्यों दुनिया के सामने गर्व से पेश करने के लिए रामायण सबसे बेहतरीन कहानी है। हमारे पास वो सब कुछ है जो हॉलीवुड की बड़ी से बड़ी फिल्में देती हैं। हमने इस फिल्म को बजट, टेक्नोलॉजी और विजुअल के मामले में इतने बड़े लेवल पर तैयार किया है कि इसका मुकाबला कोई नहीं कर सकता। हम वो बना रहे हैं जिसे मैं 2026 में, पूरी दुनिया की सबसे बड़ी इंडिपेंडेंटली फाइनेंस्ड फिल्मों में से एक कहूँगा। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही और नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज एवं यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस द्वारा प्रोड्यूस की जा रही यह फिल्म, आठ बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनइजी के साथ मिलकर तैयार हो रही है। दो हिस्सों में आने वाली यह महागाथा दुनिया भर के आईमैक्स सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# किसान कल्याण वर्ष 2026 : कृषि रथ बना किसानों के लिए जानकारी और नवाचार का सशक्त माध्यम

## ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, आधुनिक तकनीकों से बढ़ेगी किसानों की उत्पादकता

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

राज्य शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में कृषि रथ का संचालन कर किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह कृषि रथ किसानों के द्वार तक पहुंचकर शासन की योजनाओं, नवीन तकनीकों और डिजिटल प्रणालियों की जानकारी प्रदान कर रहा है। गुरुवार को कृषि रथ विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम धवई, चीलाचौनकलां एवं चौराखेड़ा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं किसान मौजूद थे। उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को




ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि इस डिजिटल प्रणाली से उर्वरकों का वितरण पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जिससे किसानों को समय पर एवं नियमानुसार उर्वरक उपलब्ध हो सकें। श्री मोरिस नाथ ने पराली (नरवाई) प्रबंधन के संबंध में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की तकनीकी जानकारी प्रदान की। सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे कार्य एक साथ कर समय एवं लागत की बचत करते हैं तथा उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में सतत प्रयास जारी हैं।

**एसएमएएम योजनांतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर स्प्रे पम्प का वितरण**- कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरसिंहपुर में एसएमएएम योजना के अंतर्गत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर स्प्रे पम्प वितरित किए गए। इस अवसर पर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक एवं उर्वरक का प्रभावी छिड़काव किया जा सकता है। किसानों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर कृषि कार्यों को सुगम एवं लाभकारी बनाएं।

### समूहों का क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

इसी क्रम में विकासखण्ड करेली के ग्राम कठोतिया में शक्ति पूजा महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. करेली को समूहों का क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, कृषि विकास अधिकारी करेली श्री एसके सोनी, एईओ एवं एफपीओ के सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के तहत उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने विकासखंड करेली के ग्राम नयाखेड़ा, पिपरिया रांकई एवं हिरनपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उन्हें आगामी शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, फसल विविधीकरण तथा शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उप संचालक कृषि ने किसानों से आग्रह किया कि वे शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविरों में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि कृषि को अधिक लाभकारी एवं आधुनिक बनाया जा सके। अभियान के माध्यम से किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

# खनिज चोरी के विरुद्ध ब्यौहारी पुलिस की बड़ी कार्यवाही, रेत सहित ट्रैक्टर जब्त

**ब्यौहारी।** पुलिस बल कस्बा भ्रमण एवं अपराध की विवेचना हेतु रवाना था। इसी दौरान ग्राम खामडाड़ में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खामडाड़ नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर एक सोनालिका ट्रैक्टर व हरे रंग की ट्रॉली सहित रेत लोड कर नदी पार करकरिहा टोला की ओर खड़ा है।सूचना पर तत्काल ब्यौहारी पुलिस दल द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर बिना पंजीयन नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर रेत से लोड अवस्था में खड़ा मिला। चालक से पूछताछ पर उसने अपना नाम राहुल उर्फ सोनू खैरवार पिता राजेन्द्र उर्फ राजन खैरवार, उम्र 30 वर्ष, निवासी खामडाड़ बताया। चालक से रेत परिवहन संबंधी वैध रायल्टी/टी.पी. एवं वाहन दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, जो मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। पूछताछ में चालक द्वारा उक्त रेत खामडाड़ नदी से अवैध रूप से उत्खनन कर ट्रैक्टर मालिक हिमांशु सिंह उर्फ अजय सिंह निवासी सूखा के कहने पर परिवहन हेतु ले जाना स्वीकार किया गया।



उक्त कृत्य प्रथम दृष्ट्या भारतीय न्याय संहिता, खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से ट्रैक्टर स्वामी एवं चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके बाद ब्यौहारी पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली व उक्त में लोड अवैध रेत कुल कीमती 5,03,000 रुपए आंकी गई है, को विधिवत जप्त किया गया। जप्तशुदा सोनालिका ट्रैक्टर मय ट्रॉली को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. जियाउल हक के नेतृत्व में उ.नि. सुरेश कुमार रैदास एवं आर. रामजी गौतम की सराहनीय भूमिका रही।

# पीएमएफएमई/ एसटी लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर कलेक्टर ने दी बधाई

## पीएम विश्वकर्मा योजना के ऋण आवेदनों के शीघ्र स्वीकृति एवं वितरण के दिए निर्देश

नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं उद्यानिकी विभाग अंतर्गत पीएमएफएमई/ एसटी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति किए जाने पर संबंधित विभाग एवं बैंकर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि समन्वित प्रयासों का परिणाम है और इससे जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विशेष जिला स्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलसीसी) में पीएम स्वनिधि योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों में त्वरित स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अरूण कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, जिला समन्वयक बैंकर्स एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि



योजना के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण, आजीविका मिशन, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, अनुसूचित जाति विभाग, सेंट- आरसेटी सहित अन्य विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित ऋण आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों में स्वीकृत लंबित आवेदनों में शीघ्र वितरण की कार्यवाही की जाए। यदि किसी आवेदन में आपत्ति हो तो उसे कारण सहित संबंधित विभाग को वापस किया जाए, ताकि आवश्यक सुधार के बाद पुनः प्रेषित किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं के ऋण आवेदन समय पर बैंकों को भेजने और विभागों एवं बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया, ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिल सके।

# मंत्री श्री सिंह ग्राम पिपरियाकला में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

**नरसिंहपुर।** स्वतंत्रमत। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ग्राम पिपरियाकला में शहीद आशीष शर्मा की स्मृति में पंचवटी सीताराम क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 13 फरवरी तक किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित अन्य जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रायसेन जिले के ग्राम रिछावर की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि व ट्राफी प्रदान की गई, जबकि राजपूत क्रिकेट क्लब बम्होरी- नरसिंहपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार रुपये की राशि देकर व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल भावना और अनुशासन परिचय दिया और खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं। खेलों से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल भी विकसित होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ऋचा स्थापक एवं सुश्री अंजू शुक्ला, श्री अशोक भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।



# खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रेक्टर-ट्राली जब्त



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का संयुक्त दल द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील गाडरवारा स्थित एनटीपीसी के पास खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर एक ट्रेक्टर- ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 49 जेडसी 7905 को जप्त कर डोंगरगांव थाना में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि इस प्रकार की संयुक्त कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर की महिला एवं पुरुष टीमें रहीं उपविजेता

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2025- 26 में पहली बार पारंपरिक बॉल बैडमिंटन खेल को शामिल किया गया है। राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के खिलाड़ियों ने किया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले एवं संभाग का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, छिंदवाड़ा, रीवा एवं उज्जैन संभाग की टीमों ने सहभागिता की। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में जबलपुर संभाग ने सागर को और महिला वर्ग में जबलपुर ने रीवा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में जबलपुर और मेजबान भोपाल संभाग



के बीच रोमांचक मैच हुआ। कड़े मुकाबले के पश्चात भोपाल की टीम विजेता रही, जबकि जबलपुर संभाग की दोनों टीमें उपविजेता रहीं। जबलपुर संभाग की टीमों में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के खिलाड़ियों ने सक्रिय सहभागिता की। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अर्पित सक्सेना के मार्गदर्शन में महिला टीम का नेतृत्व मानसी मेहरा एवं पुरुष टीम का नेतृत्व साहिल मंसूरी ने किया। टीम के कोच एवं बॉल बैडमिंटन नरसिंहपुर के जनरल सेक्रेटरी श्री निलेश सिंह नारोलिया के प्रशिक्षण एवं सतत प्रयासों से टीम ने प्रथम ही सहभागिता में राज्य स्तरीय फाइनल तक पहुंचकर उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# उमराह यात्री कल गरीब रथ से होंगे रवाना



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय जगदीश वार्ड निवासी सत्तार खान के पिता जरदार खान व उनकी मां मुमताज बी रमजान के पावन महीने में मक्का मदीने की उमराह यात्रा पर कल 16 फरवरी को गरीब रथ से रवाना होंगे । कहते है कि वो लोग बहुत खुश नसीब होते है जिन्हें सरकार मोहम्मद मुस्तफा के रोजे की जियारत नसीब होती है । उमराह यात्रा पर जाने वाले 16 फरवरी को शाम के वक्त जगदीश वार्ड अपने निवास से रेलवे स्टेशन पहुचेंगे ओर वहां से गरीब रथ एक्सप्रेस से मुम्बई पहुँचकर हवाई जहाज से मक्का मदीने के लिए रवाना होंगे ।मुस्लिम समाज द्वारा उमराह यात्रा पर जाने वालों का गर्मजोशी स्वागत कर खुशनुमा अंदाज में रेलवे स्टेशन तक ले जाया जायेगा । मुस्लिम समाज ने उमराह यात्रा पर जाने वालों का रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने की अपील की है ।

# वन कर्मियों से मारपीट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

## सोहागपुर पुलिस की कार्यवाही

शहडोल (स्वतंत्र मत)

फरियादी रामनरेश विश्वकर्मा (वन परिक्षेत्राधिकारी) पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम फरहदा, तहसील मऊगंज, थाना लौर, जिला मऊगंज, हाल गांधी चौक फॉरेस्ट कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शहडोल द्वारा आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में अप.क्र. 58/26 अंतर्गत धारा 132, 296 (ए), 127(1), 324(3), 3(5), 190, 191(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की विवेचना के दौरान 14 फरवरी 2026 को आरोपीगण राजू सिंह उर्फ राकेश सिंह पिता रविनाथ सिंह उम्र 50 वर्ष,



चिन्टू सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह पिता रामजी सिंह बघेल उम्र 34 वर्ष तथा बेटन सिंह उर्फ बृजेश सिंह पिता रविनाथ सिंह उम्र 54 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बड़खेरा थाना सोहागपुर जिला शहडोल, को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय शहडोल के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक आनंद कुमार झारिया, सहायक उप निरीक्षक रामनारायण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक 266 मनोज शुक्ला, प्रधान आरक्षक 219 संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक 535 रामनिवास पाण्डेय एवं आरक्षक जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिस हाथ में थे किताब कॉपी उस हाथ में काले झंडे थमने वाली कांग्रेस पर कठोर कार्यवाही की दरकार - संतोष लोहानी

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी पहले जवाब दे, ये बताए कि नाबालिक बच्चे को गुमराह करके प्रदर्शन में लेकर जाने वाले कांग्रेसियों के खिलाफ आप क्या कार्यवाही कर रहे है जिसके कारण वो अपनी पढ़ाई न कर सका परीक्षा से वंचित हुआ

आप ये सस्ती लोकप्रियता हासिल करना छोड़े नाबालिक बच्चे के सहारे राजनैतिक रोटियां सेकना बंद करे

अच्छा तो ये होता आप अपने पार्टी के दोषी पदाधिकारियों पर कार्यवाही करते फिर शहडोल आते

कांग्रेस पार्टी का यही असली चाल चरित्र,चेहरा है,

नाबालिग को रैली में शामिल करने के आरोप में कांग्रेस पूरी तरह दोषी है. प्रशासन से मांग किये हैं की दोषी कांग्रेस नेताओं पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए.

# अशोक-ऋषि को किया याद

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

कांग्रेस नेता स्वर्गीय अशोक नीखरा एवं ऋषि राज चौहान की पुण्यतिथि नगर के कांग्रेस नेताओं द्वारा अशोक चौक पर तेल चित्र पर माला चढ़ा कर शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को खिचड़ी वितरित कर मनाई गई। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अशोक चौक पर किया गया। जिसमें दोनों नेताओं के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कहीं गई। कार्यक्रम की शुरूआत दोनो नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर हुई। तत्पश्चात नगर के वरिष्ठ कांग्रेस ने एच व्ही रफीक द्वारा दो मिनिट का मौन रखकर दोनो दिवंगतों को श्रृद्धाजंलि अर्पित की गई।इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनीता रवि शेखर जायसवाल, शिवकुमार नीखरा, बसंत डागा, डॉक्टर उमाशंकर दुबे विनोद नीखरा केंद्र

## खिचड़ी वितरण कर दी श्रद्धांजलि



सिंह, अभिनव ढिमोले, लालमन कौरव गिरीश गुप्ता, बंटू गुप्ता सतीश सैनी कैलाश पंड्या, बल्ली शर्मा मोनू झिरा, उमेश नीरस, सतीश नीखरा, ओम बडोनिया ,अशोक मंगलानी ,अनुपम ढिमोले, रमेश अग्रवाल ,अनिल साहू ,विनोद ठाकुर ,राजेश जैन, ,राजेंद्र सिंह ठाकुर, शरद सिंह ठाकुर, सतीश सैनी, राजेश नीरस, लालमन कौरव,आशीष गुप्ता, इन सभी ने अपने विचार रखें दोनों नेताओं को याद किया गया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय श्री अशोक नीखरा कांग्रेसी नेता के रूप में शहर जिला व प्रदेश और देश में अच्छी खासी युवाओं में पेड बनाए हुए थे जिले का युवा नेता होने के नाते युवा नेता इन्हें अपना आदर्श मानते थे। गाडरवारा नगर की गरीब बस्तियों में भी अशोक नीखरा को लोग भगवान के रूप में देखने लगे थे। वह दूसरों के दुख दर्द अपने ही समझ कर लोगों की मदद करा करते थे। दिनांक 14 फरवरी 1994 को दमोह से युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदर सिंह बिट्टा की सभा से वह गृह नगर लौट रहे थे तभी रास्ते में एक एक्सीडेंट में अशोक नीखरा एवं ऋषि राज उनके साथी के साथ इस दुनिया से अलविदा कह कर गए थे । उनकी 25 वी पुण्यतिथि में उन्हें लोगों ने याद किया। इस मौके पर युवा नेता नीरज मेहता, बल्ली शर्मा, सुनील राजपूत, कपिल नीखरा, यू का नेता तिलक राज चौहान, अखिलेश खताल, अंकित नीखरा, ऋषि खंताल, सुनील सीजारिया, निलेश साहू, मयंक शर्मा काव्या नीखरा, कुशाग्र नीखरा,, टीपू खान, साबिर शाह, शहजाद खान, विनोद मालवीय, रहीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। मंच संचालन युवा नेता अवधेश रुसिया ने किया वहीं शिव कुमार नीखरा,ने सभी उपस्थित जन का आभार व्यक्त किया।

# नीलकंठेश्वर भक्तिधाम में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

## शिवालयों और मंदिरों में विशेष आयोजन, भगवान भोलेनाथ की उपासना से सराबोर रहेंगे भक्त

कटनी (स्वतंत्र मत)।

जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित भगवान शिव की नगरी नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी हजारों शिवभक्त यहां पहुंचेंगे और भगवान शिवण्पार्वती के विवाह महोत्सव एवं भव्य बारात का हिस्सा बनेंगे। नीलकंठेश्वर धाम में पिछले 36 वर्षों से अखंड रामचरितमानस पाठ और भगवान शिव के कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि से 42 दिन पूर्व शिवलिंग निर्माण प्रारंभ होता है, जिन्हें विधि-विधान से पूजन के बाद विसर्जित किया जाता है। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह धार्मिक आयोजन शहर के प्रतिष्ठिक उघोगपति मदनलाल ग्रोवर व उनके युवा उघोगपति पुत्र रंजन बाबू ग्रोवर के द्वारा एक आयोजन समिति बनाकर आयोजित किया जाता है। आयोजन समिति के संरक्षण पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल व नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व शहर व विजयराघवगढ़ के गणमान्य नागरिकों को बनाया गया है। बहरहाल आज 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नीलकंठेश्वर धाम में भव्य उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें विशेष महा आरती, रजत श्रृंगार, भव्य शिव बारात और रुद्राभिषेक शामिल हैं। यह आयोजन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति और भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### आध्यात्मिक शांति का केंद्र है नीलकंठेश्वर धाम

नीलकंठेश्वर धाम मंदिर कटनी जिले के कैमोर क्षेत्र के पडखुंडी ग्राम में स्थित है। चारों ओर ऊंची पहाडियों से घिरा यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। यहां आयोजित अखंड मानस पाठ और भक्तिमय कीर्तन दूर-दूर तक गूंजते हैं। मंदिर के पुजारी के अनुसार इस भव्य मंदिर का निर्माण कटनी के प्रतिष्ठित व्यवसायी मदन लाल ग्रोवर द्वारा सन् 1991 में कराया गया था। मंदिर की सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण कटनी और आसपास के जिलों से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। इस बार मथुरा के सुप्रसिद्ध भजन गायक हेमंत ब्रजवासी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे श्रद्धालुओं की भक्ति भावना और प्रबल होगी। इसके अलावा मंदिर में हर वर्ष विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिसके उपरांत हजारों श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरित किया जाता है।

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की बारात धूमधाम से निकाली जाती है, जिसमें कटनी सहित आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। भव्य बाजे-गाजे, झांकियां और कीर्तन मंडलियां इस शोभायात्रा का आकर्षण बढ़ाते हैं। करीब 5 एकड़ में फैले इस मंदिर परिसर में मां जगदंबा, भगवान गणेश, श्रीहरि विष्णु-मां लक्ष्मी सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं। हालांकि श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र तीन मंजिला ऊंचा भगवान शिव और गौरी माता का भव्य मंदिर है।





इस पावन धाम में हर वर्ष महाशिवरात्रि पर होने वाले धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करते हैं।

### मुख्य आकर्षक का केन्द्र रहेगा मधई मंदिर

शहर का प्रमुख आयोजन विश्वकर्मा पार्क के आगे स्थित प्राचीन मधई मंदिर में होगा। यहां पर आज विविध आयोजन होंगे। सुबह 4 बजे भस्म आरती, 7 बजे से 12 बजे तक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दर्शन व पूजन होगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि दोपहर 3 बजे से भव्य भगवान शंकर की बारात व शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 7:30 बजे से महाआरती व प्रसाद का वितरण होगा। बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात में समाजसेवी कैलाश पाठक (भोलू भैया) शिवजी की वेशभूषा में रहेंगे। बारात नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी। बारात में श्रद्धालु भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन करेंगे। भक्ति संगीत, झांकियों और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तगण हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शामिल होंगे। शाम को श्यामा श्याम भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### इन मंदिरों में रहेगी धूम

शहर के अन्य शिवालयों में भी पर्व की धूम रहेगी। महाकाल सरकार सेवा समिति चांडक चौक, गुरुनानक वार्ड स्थित शिव मंदिर, हीरागंज स्थित शिव मंदिर, अधारकाप शिव मंदिर, घंटाघर शिव मंदिर, मधुर महादेव, गौरीशंकर मंदिर माधवनगर, शिव मंदिर माधवनगर, शिवमंदिर एसकेपी, शिव मंदिर दुर्गाचौक, शिव मंदिर साधूराम स्कूल, शिव मंदिर माई नदी, शिवमंदिर आरपीएफ कटनी, शिवमंदिर आरपीएफ एनकेजे, उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह, मंगलनगर, जागेश्वरधाम कंहवारा सहित ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में धूम रहेगी। श्रद्धालु पूरे दिन शिव आराधना करेंगे और रात्रि में जागरण व भजन-कीर्तन होगा। हर ओर शिवमय वातावरण रहेगा। शहर के प्रमुख मार्गों पर सजावट की जा रही है, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व और भी भव्य लगेगा। महाशिवरात्रि के आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य मंदिरों और शिव बारात के मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की आस्था अपने चरम पर होगी।

## महाशिवरात्रि को लेकर सजे शिवालय धूमधाम से निकलेगी भोलेनाथ की बारात

### शहर के मधई मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में होंगे आयोजन

महाशिवरात्रि को लेकर सजे शिवालय, धूमधाम से निकलेगी भोलेनाथ की बारात, भव्यता के साथ मनाया जाएगा पर्व, होगा विशेष पूजन, शहर के मधई मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में होंगे आयोजन, ग्रामीण इलाकों में भी रहेगी पर्व की धूम, तैयारियां अंतिम दौर पर कटनी। शहर के प्रसिद्ध मधई मंदिर सहित अन्य शिवालयों में आज 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि का महापर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यहां बाबा की बारात, विशेष पूजन और अभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की उपासना की तैयारियां अंतिम दौर पर है। गौरतलब है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की उपासना का महापर्व महाशिवरात्रि आज 15 फरवरी रविवार को शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शिवभक्तों के द्वारा पर्व को लेकर की जा रही तैयारियां अंतिम दौर पर हैं। शहर से लेकर गांव तक शिवालय सज गए हैं। महाशिवरात्रि पर सुबह से भगवान का पूजन, अभिषेक, रूद्राभिषेक, हवन, आरती व प्रसाद का वितरण होगा। जगह-जगह बाबा की बारात निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि का पावन पर्व शहर और ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर के प्राचीन शिवालयों और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां अंतिम दौर पर हैं। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन रहेंगे, वहीं मंदिर समितियों द्वारा भव्य आयोजन किए जा रहे हैं।



# आर्मी भर्ती स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं ब्रिगेडियर संजय शर्मा द्वारा आर्मी भर्ती स्थल पुलिस लाइन ग्राउंड का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रवेश-निकासी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, हेल्प डेस्क, टेंट एवं प्रकाश व्यवस्था सहित समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक अग्नि वीर को गरिमामय, सुरक्षित एवं पूर्णतः पारदर्शी वातावरण उपलब्ध हो। भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। साथ ही पुलिस बल द्वारा की गई भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक कंट्रोल की तैयारियों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान दौड़ ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता, चिकित्सा सहायता तथा समय मापन प्रणाली का भी गहन परीक्षण किया गया। ब्रिगेडियर संजय शर्मा द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षण क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त शारीरिक माप परीक्षण स्थल का निरीक्षण किया गया, जहां अभ्यर्थियों की ऊंचाई, वजन एवं सीने की माप निर्धारित सैन्य मानकों के अनुरूप की जा रही थी। भर्ती प्रक्रिया में उपयोग किए जा रहे तकनीकी उपकरणों एवं निगरानी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती रैली का संचालन सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।



# 48 दीप जलाकर भक्ताम्बर पाठ का आयोजन

### कैलवारा, झुरही स्थित नवोदय जैन चेतनोदय तीर्थ के त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प.पू. आचार्य श्री 108 समय सागर जी मुनिराज एवं प.पू. निर्यापक पुंगव सुधासागर जी महाराज के आर्शीवाद से आयोजित किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में श्री 1008 नंदीवर जिनालय में अभिषेक विधान के पश्चात् श्री 1008 मुनिस्रुवतनाथ जिनालय बड़े मंदिर में भगवान मुनिस्रुवतनाथ जी का मोक्ष कल्याण एवं निर्वाण दिवस बड़ी धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया इस अवसर पर निर्वाण लाड़ चढ़ाने के पश्चात् भक्ताम्बर विधान का आयोजन किया गया। समोशरण मंदिर में शांतिधारा एवं अभिषेक श्रद्धालुजनों द्वारा किया जावेगा। रात्रि में संगीतमय भजन संध्या का अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा 48 दीप जलाकर भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स.सि. सेठ उत्तमचंद जैन, अनुराग जैन, प्रेमचंद जी प्रेमी, अनुज जैन, कार्यक्रम का संचालन विनय जैन निर्वितमान एस. डी. एम. ए सुनील जैन- टीपटाप, अभिनंदन जैन, चक्रेश जैन, मनोज जैन, प्रकाश जैन, मगन जैन, अनिल जैन, संदेश जैन, डॉ. शिखर जैन, सुधीर जैन- पप्पू गढ़ाकोटा, राजू जैन, शरद जैन, चुनमुन जैन, धन्यकुमार सत्कार, आकेत जैन, पुष्कर सिंघई, डॉ. अखिलेश जैन, सी.ए. संदीप पटोरिया, समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।



कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रम्हचारी मनोज जैन, पंडित मधुर जैन एवं समाजसेवी विजय कुमार विश्व द्वारा किया गया। स्वल्पाहार के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ।



# कटनी में महिला कांग्रेस अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया का भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया द्वारा सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित पन्ना मोड़ में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, संबोधित करते हुए रीना बौरासी ने प्रदेश में महिलाओं के हितों में सतत संघर्ष करने की बात कही एवं सौम्या राँधेलिया की निरंतर सक्रियता पर उन्हें एवं समस्त टीम को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से मीनाक्षी बालवी, रश्मि अग्रवाल, माया चौधरी, निरा सोनी, लता खरे, मुमताज बानो, अस्मिता ठाकुर, कल्पना सेन, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा, वरिष्ठ नेता कमल पांडे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, सचिन गर्ग, एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम् मिश्रा, प्रदेश सचिव अजय खटिक, विजयमंगल चौधरी, श्याम यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं महिलायें उपस्थित रही।

# लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 35.04 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को खंडवा जिले के पंढाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 38 हजार 962 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 33वीं किस्त के तौर पर 35 करोड़ 4 लाख 65 हजार 900 रूपये की राशि का अंतरण किया। जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय आयोजन के प्रसारण को लाड़ली बहनों ने देखा और सुना। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### लाड़ली बहना योजना की राशि का अंतरण

मुख्यमंत्री द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 317 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 78 लाख 84हजार 600 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 94 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 88 लाख 12 हजार रूपयेए जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 165पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 45 लाख 13हजार 200 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 705 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 4 लाख 50हजार 300 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 765पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 78 लाख 75हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 34 हजार 809 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड़ 12 लाख 5 हजार रूपये अंतरित किये। वहीं नगर निगम कटनी की 28 हजार 69 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 9 लाख 5 हजार 700 रूपये एनगर परिषद बरही की 2 हजार 297 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 80हजार 400 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 265 पात्र महिलाओं के खाते में 32 लाख 74 हजार 500 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 476 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 64 हजार 800 रूपये अंतरित किये गए।



# सनशाइन एकेडमी के बच्चों ने सायना में मचाई धूम

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** सनशाइन एकेडमी के बच्चों ने सायना किड्स में आयोजित इंट्रा सोलो डांस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रस्तुति दी। बच्चो ने राजस्थानी फोक डांस, राधा गोरी व काली तांडव जैसे डांस में प्रस्तुति दे कर सबका ध्यान आकर्षित किया। बच्चो की प्रस्तुति देख वहां उपस्थित जजेस ने उनकी खूब सराहना की छात्रों की प्रस्तुति देख वहां उपस्थित समस्त दर्शक ने जोरदार तालियां बजाइए। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के डांस का प्रदर्शन किया और पुरस्कार जीते। इस तरह के आयोजन बच्चों में नृत्य के प्रति रुचि को बढ़ावा देने और उन्हें मंच का डर दूर करने में मदद करते हैं। बच्चों ने बड़ी मेहनत व आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। सनशाइन एकेडमी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर सबको प्रभावित किया और अपनी स्कूल का नाम रोशन किया। कटनी के विभिन्न विद्यालय के बच्चो ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम में धूम मचाते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डांस प्रतियोगिता मे सनशाइन एकेडमी रायबड़ा कक्षा पीपी एन की छात्रा रिचा गोयनक ने शानदार प्रस्तुति कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही। सनशाइन एकेडमी संदडिया की कक्षा पीपी वन की पारित मेहनी प्रतियोगिता में रनरउप रही। व सनशाइन एकेडमी राहुल बाग कक्षा पीपी टू की शिवांशी परोहा प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रही। विहान बजाज को अदभुत एक्स्प्रेशन के शीर्षक से सम्मानित किया।



# नवीन होमस्टे दमना जिला उमरिया में रुके फ्रांसीसी विदेशी मेहमान

### विदेशी मेहमानों ने गांव मरईकला होमस्टे का विजिट कर पर्यटक स्थल का आनंद उठाया

### यूरोप से आए 7 विदेशी बंधु और 2 भारतीय ने होमस्टे में रूककर जाना ग्रामीण संस्कृति और कल्चर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में फ्रंस से आये विदेशी मेहमान क्लाउड रैबर 71 वर्षीय पुरुष, जीन यवेस पोइरी 66 वर्षीय पुरुष, ऐनी फ्रैंकोइसआर 69 वर्षीय महिला, मैरिट कास्टे 80 वर्षीय महिला, ओडिले पोइरियर 61वर्षीय महिला, जोएलेल रेनॉड 67 वर्षीय महिला, कैथरीन बीटिस्च 67 वर्षीय महिला सहित सात फ्रांसीसी मेहमानों को ग्रामीण पर्यटन अंतर्गत मध्यप्रदेश के कटनी सहित अलग अलग जिलों में ट्रांस्लेटर यथार्थ तिवारी और गाईड भूपेश शर्मा की मदद से भ्रमण कराया जा रहा है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने मानव जीवन विकास समिति द्वारा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के सहयोग से प्रदेश के अलग अलग जिले कटनी, उमरिया, डिंडोरी, दमोह, सीहोर और मंडला जिले के अलग अलग गांव में होमस्टे का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे कुछ जगहों पर होमस्टे बनकर तैयार भी हो गए है जहाँ गेस्टों का आना भी शुरू हो गया है। उमरिया जिले अंतर्गत मानपुर ब्लॉक के दमना गांव में 5 परिवारों के यहाँ होमस्टे बनकर तैयार है। इन्ही होमस्टे में मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में यूरोप (फ्रांस) से आए विदेशी मेहमान होमस्टे में रुकने सहित वहां के आसपास के गाँव में पर्यटक स्थल का लुफ्त उठाने सहित ग्रामीण संस्कृति और कल्चर का आनंद लिया। ग्रामीण पर्यटक विजिट के दरमियानी होमस्टे में रुकने, देशी परिवेश में भोजन, ग्रामीण संस्कृति और कल्चर जैसे विभिन्न गतिविधियों से रूबरू हुए।



पुरातात्विक धरोहर पुरानी गड़ी किला, चतुर्भुज मंदिर, लोकल मेले, गांव का भ्रमण, स्कूल का भ्रमण, बैलगाड़ी की सवारी, कर्मा नृत्य, हाथों से बनाये जा रहे ईंट, मिट्टी के बर्तन निर्माण, लकड़ी से बने झूले में झूलना। इसके आलावा देशी पोषक एवं पहनावा, मेहंदी लगाने सहित देशी व्यंजन (भोजन) का भी आनंद उठाया।

# अग्निवीर भर्ती रैली में 5 हजार 374 युवाओं को किया आमंत्रित

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** जिले के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में 13 फरवरी से शुरू भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 5 हजार 374 युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिनका अलग-अलग दिनों में शारीरिक पात्रता परीक्षण किया जाएगा और स्वास्थ्य मानकों तथा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर चयन किया जाएगा। शुक्रवार 13 फरवरी की रात को शारीरिक दक्षता परीक्षण, मेडिकल जांच और दस्तावेजों की जांच आदि का कार्य किया गया। 13 फरवरी की रात में 548 युवाओं ने रैली में पार्टिसिपेट किया।



टी-20 वर्ल्ड कप: आज भारत-पाकिस्तान आमने-सामने

# क्रिकेट के महायुद्ध में बारिश का साया

कोलंबो

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को होने वाला भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला में अब मौसम खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले से पहले कोलंबो के मौसम ने दोनो टीमों की टेंशन बढ़ा दी है। श्रीलंका के मौसम विभाग के अनुसार, 15 फरवरी के आसपास दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक लो-प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसका असर सीधे तौर पर कोलंबो के मौसम पर पड़ सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो मैच वाले दिन बारिश होने की संभावना 93 प्रतिशत है और यह मुकाबले के समय को प्रभावित कर सकती है। पूर्वानुमान के अनुसार, मैच शुरू होने से ठीक पहले गरज के साथ बारिश हो सकती है, जिससे टॉस में देरी या मैच के ओवर कम होने जैसी स्थिति बन सकती है। हालांकि बीच-बीच में धूप निकलने की भी उम्मीद है, लेकिन रुक-रुक कर होने वाली बारिश टीमों की रणनीति को पूरी तरह बदल सकती है। इस मुकाबले में सिर्फ जीत ही नहीं, बल्कि ग्रुप ए में टॉप पोजिशन भी दांव पर लगी है। भारत राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने अपने पिछले मैच में नामीबिया को 93 रन से हराकर




शानदार जीत दर्ज की थी। इस मैच में ईशान किशन की 61 रनों की तेज पारी के चलते भारत ने पावरप्ले में ही 86 रन बना लिए थे, जो इस टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। दूसरी तरफ पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भी जीत की लय में है और नेट रन रेट के आधार पर भारत से थोड़ा पीछे है। ऐसे में यह मैच तय करेगा कि ग्रुप ए में नंबर-1 की कुर्सी पर कौन बैठेगा।

**मैच पर टिकी दोनों देशों की निगाहें**

प्रेमदासा स्टेडियम से 5,000 किलोमीटर से ज़्यादा दूर, आज ही एक और भारत-पाकिस्तान मैच होना है। चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों की एसीसी राइजिंग स्टार्स महिला टीमें रविवार को बैंकॉक में भिड़ेंगी, बिना बारिश के खतरों, ऊपरी तनाव और डिप्लोमैटिक बातचीत के। यह मैच कोलंबो में होने वाले हाई-प्रोफाइल मैच के शुरू होने से काफी पहले पूरा हो जाना चाहिए था, और इससे यह शुरुआती संकेत मिल सकता है कि कोलंबो में पारंपरिक प्रतिद्वंदियों के बीच मैच से पहले और बाद की रस्में कैसी होंगी। इससे भी ज़्यादा, बेशक, यह देखना खास होगा कि मैच आखिर में यहाँ कैसे और क्या होता है।

## पावरप्ले में बुमराह का हो इस्तेमाल

पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।



# टी-20 विश्व कप : आयरलैंड ने ओमान को 96 रनों से हराया

**कोलंबो (वार्ता)।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। आज यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आये और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाये। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुये। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक




बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुये। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाये। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली। जॉर्ज डॉकरेल ने नौ गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 35 रन बनाये। श्रीलंका का टी-20 विश्वकप के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर छह विकेट पर 260 रन है, जो उसने जोहान्सबर्ग में 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। ओमान के लिए शकील अहमद ने तीन विकेट लिये।

# टेबल टेनिसः देसाई-घोरपड़े मिक्स्ड डबल्स फाइनल में

चेन्नई (वार्ता)

चौथी सीड हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने शनिवार को आसानी से मिक्स्ड डबल्स फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि सत्यन ने कड़ी मेहनत से जीत हासिल करके डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 में मेन्स सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट को अल्टीमेट टेबल टेनिस, शरत कमल एकेडमी और स्तूपा स्पोर्ट्स एआई ने एसडीएटी के सपोर्ट से तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में को-होस्ट किया है। देसाई और घोरपड़े ने ऑल-इंडियन मिक्स्ड डबल्स सेमीफाइनल में पूरी तरह से कंट्रोल किया, उन्होंने वाइल्ड कार्ड पायस जैन और सिंड्रेला दास को 3-0 से



हराया। अब उनका सामना रोमानिया के दूसरे सीड एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट स्ज़ोक्स से होगा, जो कोरिया के तीसरे सीड ओह जुनसुंग और जापान के मिकू नागासाकी के 1-2 से पीछे होने पर मैच हारने के बाद आगे बढ़े। इससे पहले, सत्यन ने मेन्स सिंगल्स में भारत की उम्मीदों को ज़िंदा रखा, जब उन्होंने 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इओनेस्कु को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। अब उनका सामना चेकिया के लुबोमिर जानकारिक से होगा, जिन्होंने भारत के मानुष शाह को 3-1 से हराया। इस बीच, सेहित सुरवज्जुला का ज़बरदस्त मुकाबला तब खत्म हो गया जब वह टॉप सीड ओह जुनसुंग से 3-1 से हार गए। हालांकि, कोरियाई खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में फ्रेंचमैन थिबॉल्ट पोरेट को वॉकओवर दे दिया, क्योंकि वह मिक्स्ड डबल्स सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। महिला सिंगल्स में भारत की चुनौती भी खत्म हो गई जब क्वालिफायर नित्या मणि प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चौथी सीड चेंग आई-चिंग से 3-1 से हार गईं।

# आज ऑस्ट्रेलिया से टकराएगी भारतीय महिला टीम

सिडनी (वार्ता)

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है- अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को- जो दोनों व्हाइट-बॉल



फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिंग नहीं है), उनकी धरती पर हराना उस वर्ल्ड डॉमिनेशन बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा, हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं ऑस्ट्रेलिया बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ़ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़िटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ़्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ़ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ़ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की स्लीपिंग जायंट मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है, और बदलाव के दौर से गुजर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करेगी, जिसमें नई कप्तान सोफी मोलिनक्स टी20 टीम की कप्तान होंगी, जबकि जाने वाली कप्तान एलिसा हीली वनडे और टेस्ट में अपनी फेयरवेल सीरीज खेलेंगी।

# इस हफ्ते 687 रुपये महंगा होकर 1.52 लाख पर पहुंच गया सोना

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने की कीमत मामूली बढ़त और चांदी के दाम में गिरावट रही। सोने के दाम शुक्रवार को 687 रुपए बढ़कर 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए। इससे पहले ये बीते हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन यानी 6 फरवरी को ये 1,52,078 रुपए पर थे। वहीं, चांदी की कीमत 2,496 रुपए गिरकर 2,42,433 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले 6 फरवरी को इसकी कीमत 2,44,929 रुपए प्रति किलो थी। हालांकि, इस हफ्ते में 11 फरवरी को सोना 1,57,322 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,66,449 रुपए प्रति किलो पहुंच गया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 19,570 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,52,765 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी 12,013 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 2,42,433 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। वर्ष 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75 प्रतिशत) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167 प्रतिशत) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।



# 70% खुला वर्ल्ड मार्केट, 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड डील

नई दिल्ली

केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि रेलवे के लिए बड़े पैमाने पर बजट सुनिश्चित किया गया है, जब यूपीए की सरकार थी तो एक हजार करोड़ का प्रावधान होता था, लेकिन इस बार बीस हजार करोड़ किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की बहुमुखी सोच भारत के विकास को दर्शाती है। डेटा केवल नवी मुंबई में आते है, जिसका सीधा लाभ महाराष्ट्र को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का चाहे वो जहां रहे, जिस भी जाति का हो हर एक लिए उनके उज्जवल भविष्य के लिए रोज़गार बढ़ाना इस बजट का आधार स्तंभ माना जा सकता है। गोयल ने कहा कि बच्चों के कौशल को डेवलप करने के लिए 5 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। जब रेलवे और पोर्ट का विकास होगा तब स्वाभाविक है महाराष्ट्र को लाभ होगा, टूरिज्म को बल मिलेगा और शिवाजी महाराज के किलो



पर लोग जाएंगे। जिस प्रकार से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 38 देशों के साथ किया गया है, उससे देश आगे बढ़ रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि ग्लोबल ट्रेड का 70 प्रतिशत भारत के लिए खुला है। इन ट्रेड डील्स के दौरान हमारे किसानों के हितों को भी सुरक्षित रखा गया है। लेबर वर्ग के लिए भी बहुत सारे प्रावधान किया गए है। यह बजट आने वाले दिनों में भारत को विकसित करने का अहम कदम है। पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस आज निराश है उनके पास विकास के लिए कोई सुझाव नहीं है। रोज झूठी बाते बोल के भ्रम फैलाते हैं। राहुल गांधी जैसे डिस्क्रिएटेड नेता और उनके एलाउंस यह लाख कोशिश कर ले, लेकिन भारत को विकसित बनाने से रोक नहीं सकता। यह जानता द्वारा ठुकराई हुई पार्टी है।

**35 हजार करोड़ का टेक्सटाइल रास्ता खुल रहा**- भारत आज टेक्सटाइल में प्रगति कर रहा है और आने वाले दिनों में दोगुना हो जाएगा, जो फ्री ट्रेड किया है उसने 35 हजार करोड़ का टेक्सटाइल ट्रेंड का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जीरो ड्यूटी टेक्सटाइल पर लगाई गई, अगर वो अमेरिका से कॉटन और यान खरीदे तभी ये संभव होगा। इतना बड़ा मार्केट जब खुलेगा तब कपास की मांग और बढ़ेगा, जिससे हमारे किसानों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अपार अवसर मिलेंगे, 70 प्रतिशत मार्केट भारत के लिए खुल गया है।

# चावल हुआ सस्ता, चीनी हुई महंगी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गये। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गयी। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव में दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



# कहीं खत्म ना हो जाए बिटकॉइन की दुनिया?

## करीब आधी हुई वैल्यू, 55 फीसदी और गिरने का अनुमान

नई दिल्ली

बिटकॉइन की कीमतों में इस हफ्ते भी गिरावट तेज रही, लेकिन शनिवार को इसमें 4 फीसदी की तेजी रही और इसकी कीमत लगभग 68,864 डॉलर पर आ चुकी है. हालांकि एक्सपटर्स को इस तेजी पर कुछ खास भरोसा नहीं हो रहा है. उनका कहना है कि इस बड़ी गिरावट के बीच यह एक छोटी सी उछाल है और गिरावट अभी भी हावी है. बिटकॉइन अभी भी अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब आधा गिर चुका है. क्रिप्टोकरेंसी अक्टूबर में अपने उच्चतम स्तर से लगभग 44 प्रतिशत गिर चुकी है, जो पिछले कई महीनों में हुए करेक्शन के कारण हुआ है. कल बिटकॉइन लगभग 69,180 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले



साल के अंत में आई तेजी के दौरान देखे गए स्तरों से काफी नीचे है. मिड टर्म को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, नेड डेविस रिसर्च (एनडीआर) के रणनीतिकारों ने चेतावनी दी है कि भारी बिकवाली के बाद भी आगे और गिरावट आ सकती है. इस महीने की शुरुआत में ग्राहकों को जारी एक नोट में, एनडीआर ने कहा कि अगर मौजूदा मंदी एक पूरे बिटकॉइन विंटर में बदल जाती है, तो कीमतें मौजूदा स्तरों से काफी नीचे तक गिर सकती हैं.

### 55 फीसदी तक टूट सकता है बिटकॉइन

नेड डेविस रिसर्च के मुख्य रणनीतिकार पैट त्सचोसिक और विश्लेषक फिलिप मौल्स के अनुसार, गंभीर मंदी की स्थिति में बिटकॉइन की कीमत गिरकर 31,000 डॉलर तक जा सकती है. इस तरह की गिरावट का मतलब मौजूदा कीमतों से लगभग 55 प्रतिशत की और गिरावट होगी, जिससे हाल के उच्चतम स्तर के करीब निवेश करने वाले निवेशकों को और अधिक ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है.

# जियो समेत 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने बनाया 'ट्रस्टेड टेक एलायंस'

म्यूनिख (वार्ता)

रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। जियो ने बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है। जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का ऐलान किया गया। गठबंधन के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब




सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 कंपनियां शामिल हैं। भविष्य में और कंपनियों को इससे जोड़ा जायेगा तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा। लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण थॉमस ने कहा, विश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी प्रौद्योगिकी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' में शामिल होने पर गर्व है। इस पहल के जरिये हम वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की संचार सुविधा, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सके। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है।

# बुरहानपुर में बनेगा मिनी एयरपोर्ट : डॉ. यादव

## एग्रीकल्चर बेस्ड रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का होगा आयोजन

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नये मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बुरहानपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 696 करोड़ 37 लाख रुपये लागत के 80 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर बुरहानपुर जिले के समग्र विकास को नई गति दी। उन्होंने कहा कि आज जिन कार्यों की सौगातें मिली हैं, ये जिले को आधुनिक, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर में नर्मदेश्वर अखंड शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विकास का प्रकाश प्रदेश के हर कोने, हर गली-मोहल्ले तक पहुंचे, इसी मूल संकल्प के साथ हमारी सरकार सबको साथ और विश्वास में लेकर आगे बढ़ रही है। सरकार अधोसंरचनात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देकर प्रदेश के विकास की गति में निरंतर तेज़ी ला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर का विकास हमारी प्राथमिकता में है। हमने इस जिले को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है, जिले की जनता की भागीदारी से हम इसे सिद्ध करेंगे, आने वाला समय इसका साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के नेहरू स्टेडियम में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों की 2 वर्ष की उपलब्धियों और भावी विकास योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की। उन्होंने बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों के हित में वैल्यू एडिशन, भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिए इकाई स्थापित करने, बुरहानपुर में कृषि आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद शाहपुर को परीक्षण उपरांत नगर पालिका



का दर्जा दिया जाएगा। बुरहानपुर में वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हॉर्टीकल्चर सब्जेक्ट अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पढ़ाया जाएगा। उन्होंने खामनी से दही हांडी तक खामनी से रायगांव एवं शाहपुर से सुखपुरी तक सड़क बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर में युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाएंगे। राज्य सरकार बुरहानपुर सहकारी सूत मिल श्रमिकों के बकाया भुगतान कराएगी और यहां नए उद्योग-धंधे भी स्थापित करेगी।

### बुनकरों का शहर है बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम आज ही लाड़ली बहना योजना की 33वीं किश्त प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक बहनों के खाते में अंतरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि से लेकर कपड़ा निर्माण तक, दवा से लेकर फर्नीचर उद्योग तक, पाइप निर्माण से लेकर कृषि उपकरण निर्माण तक बुरहानपुर का जवाब नहीं। यह जिला पावरलूम उद्योग का प्रमुख केन्द्र है और कपड़ा उत्पादन के कारण बुनकरों के शहर के रूप में बुरहानपुर के नाम से विख्यात है। उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग की बढ़ती मांग के कारण यहां कपास की खेती भी बड़े पैमाने पर की जाती है।

यह खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ उद्योगों को भी मजबूती देती है। यहां का केला उत्पादन, फसल विविधता और परिश्रमी किसान, यही हमारे कृषक कल्याण वर्ष की असली ताकत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केला और कपास जैसे प्रमुख उत्पादों के लिए प्रोसेसिंग, भंडारण और निर्यात सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा।

### ताप्ती ग्राउंड वॉटर मेगा रिचार्ज परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां ताप्ती और नर्मदा मैया के आशीर्वाद से मालवा-निमाड़ का पूरा क्षेत्र आनंदित है। प्रदेश में सरदार सरोवर जैसे बांध बनाने की श्रृंखला शुरू हुई है। हमारे किसान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मध्यप्रदेश के किसान नदी जोड़ो अभियान से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का निरन्तर विस्तार हो रहा है।

ताप्ती ग्राउंड वॉटर मेगा रिचार्ज परियोजना पूरी होने के बाद बुरहानपुर की धरती और भी लहलहाएगी। उन्होंने कहा कि धार में देश का पहला पीएम मित्र पार्क निर्मित हो रहा है, इससे कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। बुरहानपुर में कपास और केला फसल आधारित प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेटे-बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने स्वयं अपने पुत्र का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में किया।

# शिक्षकों को पंडाल व्यवस्था में लगाने का आदेश तुगलकी

### बच्चों की परीक्षायें छोड़कर शिक्षक करायेंगे सभा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** बुरहानपुर जिले में प्रस्तावित मुख्यमंत्री दौरे के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों, प्राचार्यों तथा स्कूल कर्मचारियों को नेहरू स्टेडियम में 'भीड़ प्रबंधन और बैठक व्यवस्था' की ड्यूटी देने संबंधी आदेश बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने इस तुगलकी आदेश तत्काल वापिस लेने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र से जुड़े लगभग 1200 से अधिक कर्मचारियों को एक साथ स्कूलों और छात्रावासों से हटाना बच्चों की पढ़ाई, सुरक्षा और अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।



बच्चों की परीक्षा निर्बाध करने की जिनकी जिम्मेवारी है उन्हें पंडाल व्यवस्था में लगाने वाले अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही हो, अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरेगी। शिक्षक समाज का मूल दायित्व विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण है। यदि स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक, अतिथि शिक्षक, हॉस्टल अधीक्षक, रसोइये और अन्य कर्मचारी प्रशासनिक या कार्यक्रम संबंधी कार्यों में लगाए जाते हैं, तो स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि उस दिन स्कूलों का संचालन कैसे होगा और छात्रावासों में रह रहे बच्चों की देखभाल कौन करेगा। शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाले ऐसे निर्णयों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही आवश्यक है। हम प्रशासन को आगाह करते हैं कि किसी भी राजनैतिक या सरकारी कार्यक्रम की व्यवस्थाएं शिक्षा व्यवस्था को बाधित किए बिना की जाएं। यदि अतिरिक्त मानव संसाधन की आवश्यकता है तो वैकल्पिक व्यवस्थाएं बनाई जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और सुरक्षा से कोई समझौता न हो। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार और प्रशासन से अपेक्षा रहती है कि वे शिक्षकों की भूमिका का सम्मान करें और उन्हें उनके मूल कर्तव्यों से दूर न करें। मुख्यमंत्री से गुप्ता ने अपेक्षा की है कि वे इस विषय की गंभीरता को समझते हुए आदेश की समीक्षा करेंगे और शिक्षा हित में आवश्यक संशोधन करेंगे।

# अधिवक्ता संघ हटा के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ

**हटा (स्वतंत्र मत)।** अधिवक्ता संघ हटा के सचिव द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में अधिवक्ता संघ हटा के निर्वाचन के लिए उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के सदस्य शैलेन्द्र वर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था उनकी उपस्थिति में शनिवार को हटा संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से अधिबक्ता मुकुल चौबे को निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। दीपक तिवारी अधिवक्ता को सर्वसम्मति से सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। चुनाव समिति में बरिष्ठ अधिवक्ता सतीश सिंह, मुरारी लाल पटेल एवं एमएस नरेलिया को सदस्य नियुक्त किया गया। गौर तलब है कि उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पेटिसन क्रमांक 34890/24 में पारित आदेश दिनांक 7.1.26 के अनुसार पुरानी निर्वाचन प्रक्रिया निरस्त कर 31 मार्च 26 के पूर्व हटा अधिवक्ता संघ का पर्यवेक्षक शैलेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में करने के आदेश दिए गए थे। अब निर्वाचन अधिकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचन समिति गठित कर चुनाव प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।

# हटा नगर में आज होगी महाशिवरात्रि की धूम

### शिव बारात, रुद्र यज्ञ और भक्ति का महासंगम

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा नगर आज आस्था, उल्लास और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर रहेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के प्रमुख शिव मंदिरों में धार्मिक आयोजन होंगे और हर ओर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजेंगे। नगर के प्राचीन देव गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव-विवाह का भव्य आयोजन रुद्राभिषेक और अतिरुद्र यज्ञ का विशेष आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूल.मालाओं से सजाया गया है। अतिरुद्र यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी जाएंगी। जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय हो उठेगा। आयोजन समिति द्वारा बारात की अगवानी के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं।

### भूतेश्वर मंदिर में दिन-रात पूजन

सुनार नदी के पावन तट पर स्थित भूतेश्वर मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर पूरे दिन और रात्रि भर पूजन, अभिषेक और भजन-कीर्तन का क्रम चलेगा। श्रद्धालु जल, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। रात्रि जागरण में शिवमहिमा का गुणगान होगा।

### मुरलीमनोहर वार्ड से निकलेगी शिव बारात

पूर्व वर्षों की परंपरा के अनुसार मुरलीमनोहर वार्ड स्थित शंकर जी के चबूतरे से विशाल शिव बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। आकर्षक झांकियां, बैंडबाजे, ढोल-नगाड़ों और शिवगणों के वेश में सजे युवक बारात की शोभा बढ़ाएंगे। नगर भ्रमण करते हुए यह बारात देव गौरीशंकर मंदिर पहुँचेगीए जहाँ धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ शिव-विवाह संपन्न होगा।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सांसद राहुल सिंह प्रात: 11 बजे देव गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर अतिरुद्र यज्ञ में शामिल होंगे और पूजा अर्चना करेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात की विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं। श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है और मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगने लगी हैं।

# दमोह-सिमरिया फोरलेन निर्माण बना हादसों का कॉरिडोर

## रोजाना दुर्घटनाएं, धूल के गुबार और बेतरतीब खुदाई से जान पर बन आई

हटा (स्वतंत्र मत)।

दमोह-सिमरिया रोड के निर्माण कार्य ने हटा नगर और आसपास के क्षेत्रों में मानो हादसों की श्रृंखला छेड़ दी है। हटा की फोरलेन पर प्रतिदिन कोई न कोई वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहा है। हालात यह हैं कि हटा-गैसाबाद और हटा-दमोह मार्ग भी निर्माणाधीन अव्यवस्था के चलते जोखिम भरे बन चुके हैं। शनिवार को लुहारी ग्राम के पास निर्माण कार्य के बीच हटा से सागर जा रही गर्ग बस और दमोह से हटा की ओर आ रहे एक ट्रेलर के बीच खतरनाक स्थिति बन गई। दोनों भारी वाहन क्रॉसिंग के दौरान एक दूसरे से सट गए। बस में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गयाए लेकिन यह घटना निर्माण प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो पर्याप्त संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं और न ही समुचित डायवर्जन व्यवस्था है। मार्ग पर धूल के गुबार इतने घने उठते हैं कि सामने से आ रहा वाहन दिखाई नहीं देता। यही कारण है कि दुपहिया और कार चालक प्रतिदिन



दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सड़क की बेतरतीब खुदाई के कारण कहीं गहरी खाइयां तो कहीं अचानक उभरे पत्थर वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। निर्माण कार्य कर रही कंपनी इस्कोन इंफ्रा पर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा न ही नियमित पानी का छिड़काव हो रहा जिससे धूल नियंत्रण में रहे।

### बनगांव में तकनीकी अनियमितता

सबसे सनसनीखेज आरोप बनगांव क्षेत्र से सामने आया है, जहां बताया जा रहा है कि सीमेंट कंक्रीट की पुरानी परत के ऊपर ही नई सीसी परत डाल दी गई है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार बिना उचित स्कारिफिकेशन और बेस ट्रीटमेंट के ऊपर से परत चढ़ाना दीर्घकालिक दृष्टि से स्वीकार्य नहीं माना जाता। इससे सड़क की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर प्रश्नचिन्ह लग सकता है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद न तो प्रशासन की ओर से सख्त निगरानी दिखाई दे रही है और न ही निर्माण कंपनी की ओर से ठोस सुधारात्मक कदम। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए। सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और मार्ग पर नियमित पानी का छिड़काव व स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रभाव से परीक्षित को मिला भगवान का दिव्य धाम: शास्त्री

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय सिविल वार्ड 7 स्टेडियम के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि शुकदेव जी श्रीमद् भागवत कथा सुनाने के बाद जब प्रस्थान कर गए तो तक्षक नाग आया और परीक्षित जी कथा श्रवण करने के प्रभाव से भगवान के दिव्य धाम को प्राप्त हुए श्रीमद् भागवत कथा को जो भी भक्त श्रवण करते हैं उनकी समस्त मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं और अंत में मृत्यु के पश्चात वह भगवान के दिव्य धाम को प्राप्त होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा की अनुक्रमाणिका सुनाते हुए उन्होंने कहा कि अर्जुन के पुत्र थे अभिमन्यु जिन्हें कौरवों द्वारा छल से चक्रव्यूह में मार डाला गया। वीर अभिमन्यु के पुत्र थे महाराज परीक्षित महाभारत युद्ध के पश्चात् बहुत समय तक हस्तिनापुर पर राज्य करने के बाद जब युधिष्ठिर ने अपने भाइयों के साथ वन को प्रस्थान किया तो अर्जुन के पौत्र परीक्षित को हस्तिनापुर का राज्य सौंप दिया महाराज परीक्षित ने चिर काल तक पृथ्वी पर राज्य किया उनके राज्य में प्रजा सुखी थी



कलियुग से उनकी भेंट हो गई जो पृथ्वी और धर्म का दोहन कर रहा था राजा के ललकारने पर वह डर गया और उनसे क्षमा याचना करने लगा दयालु राजा ने उसे कुछ स्थानों पर रहने की अनुमति दे दी जिसके कारण उस दुष्ट को बल मिल गया। बाद में उसी की प्रेरणा से राजा ने ऐसा काम किया जो अवांछित था उस कार्य के बदले में उन्हें तक्षक सर्प द्वारा मृत्यु दण्ड का श्राप मिला। दयालु राजा अपने कृत्य से अत्यंत दुखी थे अत: जैसे ही उन्हें खुद को श्राप मिलने का संवाद मिला वे बहुत प्रसन्न हुए उन्होंने अपना राज काज अपने पुत्र जनमेजय को सौंप दिया और स्वयं ज्ञान की खोज में निकल गये शाम्यप्राश नामक गंगा के तट पर उन्हें संतों का समागम प्राप्त हुआ। एक सप्ताह के अल्प समय में उन्हें भक्ति ज्ञान प्राप्त हुआ श्री शुकदेव मुनि के साथ अनेक ऋषि मुनियों ने इस भक्ति संगम में भाग लिया सप्ताह उपरांत जब तक्षक नाग ने श्रृंगीऋषि की प्रेरणा से उन्हें डस लिया तो जनमेजय को बहुत क्रोध आया और उन्होंने पूरी पृथ्वी से नागों को समाप्त करने के लिए नागयज्ञ करने का संकल्प लिया जनमेजय ने ऋषि मुनियों की सहायता से हवन कुंड तैयार किया आह्वान करते ही पूरे विश्व से नागों के झुंड आ आकर हवनकुंड में गिरने लगे तक्षक नाग अपने प्राण बचाने के लिए इंद्र की शरण में गया वह इंद्र के सिंहासन से लिपट गया तक्षक के आह्वान के लिए जनमेजय के पास आस्तिक नाम के मुनि आए उनके आह्वान पर इंद्र को तक्षक को जनमेजय को सौंपना पड़ा जनमेजय आस्तिक से प्रसन्न हो गए और दक्षिणा में कुछ भी मुंह मांगा मांगने की इच्छा प्रकट की तब आस्तिक मुनि ने जनमेजय से नागों के संहार को रोकने की मांग की इस पर जनमेजय मान गए तथा तक्षक के प्राण बच गए।

# नोहलेश्वर महोत्सव आस्थाए संस्कृति और विकास का भव्य समागम: राज्यमंत्री लोधी

### अभिलिप्सा पांडा की शिव आराधना से भक्ति के सागर में सराबोर हुआ महोत्सव

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह के ऐतिहासिक नोहटा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन तथा महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव का सातवां दिवस भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत रहा। सांध्यकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, राज्य मंत्री द्वय धर्मेंद्र सिंह लोधी, लखन पटेल, पनागर विधायक सुशील इंदू तिवारी एवं जबलपुर उत्तर विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही संपूर्ण परिसर श्रद्धा, और उत्साह से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम की



मुख्य आकर्षण रहीं सुप्रसिद्ध भजन गायिका अभिलिप्सा पांडा जिन्होंने अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से वातावरण को शिवमय बना दिया। उनके सुरों की मधुरता और भक्ति की गूंज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया। कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यह क्षेत्रीय अस्मिता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकात्मता का विराट मंच बन चुका है। उन्होंने आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के सतत प्रयासों और दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप विगत तीन वर्षों से यह महोत्सव निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। यह आयोजन नोहटा सहित समूचे अंचल की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहा है। विधायक अभिलाष पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोहटा महोत्सव सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। यह उत्सव न केवल आस्था का केंद्र है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करनेए स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और परंपरा एवं प्रगति के मध्य समन्वय स्थापित करने का प्रेरक उदाहरण भी है। सातवें दिवस का यह भव्य आयोजन जनसमुदाय की व्यापक सहभागिता, उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और आध्यात्मिक वातावरण के कारण अविस्मरणीय बन गया।

### अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**बालाघाट।** ग्राम बटरमारा स्थित वैनगंगा नदी से रेत के अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर खनिज विभाग की टीम 14 फरवरी 2026 को प्रात 6 बजे ही मौके पर पहुंच गई और छापामार कार्रवाई की। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के पालन में की गई इस कार्यवाही के दौरान मौके पर 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए गए। जिस पर रेत का अवैध खनन कर रहे वाहनों को जब्त किया गया है। इनमें ट्रेक्टर वाहन क्रमांक एमपी- 50 ए.ए 2842, वाहन क्रमांक एमपी0-ए.ए-2723, महिंद्रा ट्रैक्टर (बिना नंबर), वाहन क्रमांक एमपी-50 ए.ए-5946, वाहन क्रमांक एमपी 50-ए-3621 एवं वाहन क्रमांक एमपी-50-ए-8849 शामिल हैं।

# डीएफओ विपिन पटेल ने इस्तीफा वापस लिया

### वन विभाग को चिट्ठी लिखकर कहा- मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर में डीएफओ योजना के पद पर पदस्थ एमपी कैडर के 2013 बैच के आईएफएस अधिकारी विपिन पटेल ने आखिरकार अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उनके इस्तीफा देने के बाद धर्मपत्नी ने पीसीसीएफ एंड हॉफ को आवेदन देकर इस्तीफा न मंजूर करने का आग्रह किया था और कहा था कि पति विपिन पटेल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया है। विपिन पटेल की पत्नी के आवेदन के बाद पीसीसीएफ एंड हॉफ ने विपिन पटेल से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा था जिसके बाद पटेल ने इस्तीफा वापस लेने की बात कही है। रीवा, दमोह, सतना और अनूपपुर के डीएफओ रह चुके पटेल ने इस्तीफा देने की वजह निजी कारण बताया था। 4 फरवरी को पीसीसीएफ और हॉफ को भेजे इस्तीफे में विपिन पटेल ने कहा था कि वे अपनी आईएफएस सर्विस से अनकंडीशनल इस्तीफा दे रहे हैं, जिसकी वजह निजी है। इस्तीफे में पटेल ने कहा था कि



उनका इस्तीफा कांपीटेंट अथॉरिटी को फॉरवर्ड करें और आईएफएस सेवा से उन्हें मुक्त किया जाए। पटेल ने इस्तीफे की कॉपी वन विभाग के सचिव को भी भेजी थी। भारतीय वन सेवा के अधिकारी विपिन कुमार पटेल का इस्तीफा वापसी से संबंधित पत्र वन विभाग को मिल गया है। पत्र में पटेल ने लिखा है कि जल्दबाजी में उन्होंने यह कदम उठा लिया था और उनकी मानसिक स्थिति उस समय ठीक नहीं थी। वर्तमान में पटेल डीएफओ वर्किंग प्लान जबलपुर में पदस्थ हैं। वन विभाग ने पत्नी के पत्र के आधार पर पटेल से ई-मेल के जरिए स्पष्टीकरण मांगा था और कहा था कि वे तीन दिन के भीतर स्थिति स्पष्ट करें अन्यथा उनके त्यागपत्र पर एकपक्षीय निर्णय लेकर उसे स्वीकार कर लिया जाएगा।

### विवादों से गहरा नाता

आईएफएस अधिकारी विपिन पटेल सतना, अनूपपुर में विवादित रहे थे। उनके विरुद्ध सागर लोकायुक्त पुलिस में भी शिकायत की गई थी। पटेल ने अनूपपुर डीएफओ रहने के दौरान एक विवादित आदेश जारी किया था। जिसका प्रदेश भर में विरोध हुआ था। उनके द्वारा जारी आदेश में कहा गया था उनके क्षेत्राधिकार में वनकर्मियों को उच्च पदभार दिए गए हैं, उसे तत्काल निरस्त कर दिया गया है। आदेश में यह भी लिखा था कि सभी स्टाफ कर्मी मूल पद पर वापस आकर काम करेंगे। डीएफओ विपिन पटेल द्वारा 4 नवंबर को आदेश दिया गया था। इसके बाद मप्र कर्मचारी मंच ने सीएम को पत्र लिखकर इसका विरोध जताया था। दरअसल 15 अक्टूबर को वन विभाग ने आदेश जारी किया था कि 2025 के पदोन्नति आदेश लागू होने की वजह से कर्मचारी मूल पद पर लौटेंगे। इसलिए अब नए कर्मचारियों को उच्च पदभार दिया गया तो इससे प्रमोशन के मामलों में जटिलताएं आएंगी। इसलिए शासन उच्च पदभार वाले पूर्व के निर्देश रद्द करता है। इस पर कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा था कि किसी वन मंडल ने ऐसा आदेश नहीं दिया है। अनूपपुर डीएफओ भी इसके लिए अधिकृत नहीं हैं। ऐसे आदेश का अधिकार सिर्फ सीसीएफ शहडोल को ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएफओ सागर और सतना में रहते हुए भी विवादों में रहे थे। सागर में शिकायत के बाद लोकायुक्त में जांच लंबित है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नजरूल नईम खान पिता नजीर खान निवासी मकान नं 45 भूमि विकास बैंक कॉलोनी राम नगर अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि । 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। 2. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा पिता का नाम नजीर खान (NAZEER KHAN) माता का नाम नसीम बानो (NASEEM BANOO) दर्ज था जो कि अंग्रेजी के नाम में Z के स्थान पर दर्ज J हो गया है। 3. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम नजीर खान (NAJEER KHAN) दर्ज हो गया है। 4. यह कि भविष्य में मेरे पिता का नाम नजीर खान (NAJEER KHAN) से जाना व पहचाना जावे। 5. यह कि मेरे पिता का सत्य व सही नाम मेरे जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार ही दर्ज किया जाये। 6 अत उक्त जानकारी देने वास्ते यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
नजरूल नईम खान

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I UMESH PRASAD GOND S/O SHRI SALIGRAM residing at H.NO.- 45, Neemkheda Road, Mehgawan-01 Panchayat, Near DPS School, Pipariya Khurd, Jabalpur (M.P.)- 482021 declare that name of mine has been wrongly written as UMESH PRASAD GOUND In my service book. The actual name of mine is UMESH PRASAD GOND respectively which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

UMESH PRASAD GOND
(Signature of Applicant)




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**